Clause 1, as amended, was added to the Bill.

Enacting Formula

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): There is one amendment by the Minister.

SHRI GINGEE N. RAMACHANDRAN: Sir, I beg to move:

"That at page 1, line 1, for the word "Fifty-third" the word "Fifty-fourth" be substituted."

The question was put and the motion was adopted.

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

The Title was added to the Bill.

SHRI GINGEE N. RAMACHANDRAN: Sir, I beg to move:

That the Bill, as amended, be passed.

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): The House is adjourned for lunch up to 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at thirty-nine minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at thirty three minutes past two of the clock, THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

Severe Drought Situation in Various Parts of the Country

THE DEPUTY CHAIRMAN : Whenever we discuss drought, there is always a drought in the House. It is a tragic situation. I think we should stop discussing drought, only then we might have some rains.

कृषि मंत्री (श्री अजित सिंह) **:** मैडम, कल से बारिश हो रही है ।

उपसभापति : जी, जब एक्सेप्ट किया था तो बारिश नहीं हो रही थी । एक्सेप्ट करके बारिश हो रही है । अगर डिसकस न करें तो हमें क्या एतराज है। सुरेश जी, बोलिए ।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : महोदया, मौसम विभाग और कृषि मंत्री जी और यहां तक कि प्रधान मंत्री ने भी यह स्वीकार किया है कि हमारे देश का वर्ष 2002 का जो सूखा है , वह दरअसल अभी तक का सबसे भंयकर और भयावह सूखा है । हमारे देश में लगभग 15 राज्य ऐसे हैं और लगभग 375 जिले ऐसे हैं जो सूखे से प्रभावित हैं । स्वयं कृषि मंत्री जी ने माननीय सदन में 22 नंवबर, 2002 को यह स्वीकार किया है कि 15 राज्य सूखे से जबरदस्त प्रभावित है । अगर इसके कारणों को देखा जाए तो वर्षा इसका प्रमुख कारण हैं, लेकिन जल-संचय, जल का सही प्रबंधन न होना, रैन वाटर हारवेस्टिंग के बारे मे सही कदम न उठाना और वाटर एक्सप्लास्टेशन को न रोका जाना, यह सारे भी कारण है । लगभग 19 प्रतिशत वर्षा में कमी रही और उसके कारण हमारे देश का लगभग 30 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र सूखे से प्रभावित हुआ । 110 मिलियन हैक्टयर भूमि सूखे से प्रभावित होने की वजह से कृषि योग्य नहीं रह पाई और इससे किसान की हालत बहुत दयनीय हो गई । यह सोचा जा सकता है कि इस देश में 60 प्रतिशत किसानों की दशा जब दयनीय हो जाए तो देश की दशा दयनीय होनी स्वाभाविक है और देश की दशा, महोदया, जब दयनीय हो जाए तो हम गर्व से नहीं कह सकते कि "हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती हैं ।"

महोदया, जहां पानी की कमी है, आपने आते ही सही फरमाया था और यह सही है कि जब सूखे की चर्चा होती है तो आप उस महान आंसदी पर विराजमान रहती है, कृषि मंत्री वहीं रहते हैं जहां सामने बैठे हुए हैं और इस डिबेट को शुरू करने वाले भी वहीं रहते हैं जहां आज बैठे हुए हैं, लेकिन उत्तर वही का वही रहता है, नतीजा वही का वही रहता है, मर्ज वहीं का वही रहता है, मरीज वहीं के वहीं रहते हैं, निदान और उपाय कुछ नहीं निकल पाते हैं सिवाय आश्वासन और वचनों के ।

महोदया, मैं अपनी बात प्रधान मंत्री जी के 18 दिसम्बर, 2002 को इस सदन में दिए गए वक्तव्य से प्रारम्भ करना चाहता हूं क्योंकि जब भी सदन में चर्चा होती है, चाहे सूखे पर होती है या बाढ़ पर होती है, हम न तो कोई दीर्घकालिक उपाय निकाल पाते हैं, न कोई नीति निर्धारित कर पाते हैं, केवल चर्चा करते हैं और इस औपचारिकता की पूर्ति कर लेते हैं, लेकिन जो वक्तव्य माननीय प्रधान मंत्री जी ने दिया, वहां से मैं एक नई शुरूआत इस चर्चा की प्रारम्भ करना चाहता हूं ताकि यह केवल औपचारिकता ही न रह जाए, इस विडम्बना में ही हम न फंसे रह जाएं । माननीय प्रधान मंत्री जी ने यह कहा था, मैं उसको उद्घृत कर रहा हूं, बिन्दु क्रमांक 3 में कि :-

> "सूखे से निबटने के लिए 555 करोड़ रूपए की अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी जिसे या तो आपदा राहत कोष अथवा राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक राहत कोष से वहन किया जाएगा " ।

प्रधान मंत्री जी ने यह भी कहा था कि :-

> " खाद्यान्न विपुल मात्रा में उपलब्ध कराया जाएगा, जितनी मांग की जाएगी । यह खाद्यान्न तीन महीने अर्थात् जनवरी ,2003 तक के लिए है । तत्पश्चात् अधिक खाद्यान्न जरूरतमंद राज्यों को उपलब्ध कराया जाएगा । नि:संदेह राज्य सरकारें आबंटित खाद्यान्न के इस्तेमाल के बाद अतिरिक्त आंबटन प्राप्त कर सकती हैं । "

महोदया, मेरे पास तीन मुख्य मंत्रियों के पत्र हैं – मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री और राजस्थान के मुख्य मंत्री का। मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने 24 जुलाई, 2002 को 2.5 लाख मीट्रिक टन की मांग की थी और 819.62 करोड़ रूपए राशि की मांग की थी जो मत्स्यपालन की क्षति के अलावा थी। इस के अलावा जो एक केन्द्रीय दल की टीम गई थी, उसके समक्ष में मेमोरेंडम प्रस्तुत किया गया, उसमें 315.79 करोड़ रूपए की राशि की मांग की गई थी , साथ ही 2.58 लाख मीट्रिक टन की बात कहीं गई थी। कांग्रेस अध्यक्ष श्री मती सोनिया गांधी जी ने इस संबंध में एक पत्र 3 जनवरी, 2003 को लिखा था जिसमें कई राज्यों में सूखे से व्याप्त स्थिति से निबटने के लिए उन्होंने कुछ कदम सुझाए थे कि जिन राज्यों में सूखा पड़ने की सभांवना है, वहां कम से कम 50 प्रतिशत की राशि और खाद्यान्न पहले से दे दिया जाए, रिलीज़ कर दिया गया जाए और जो पाट्र्स हैं देने के, सैंट्रल रिलीफ कमिशनर को दे दिए जाएं और साथ ही जो ऐलोकेशन है, उनके मामले में ज्यादा औपचारिकताएं न बरतकर नुकसान को दृष्टिपात रखते हुए उसकी पूर्ति की जाए, जिसका जवाब प्रधान मंत्री जी ने 11 फरवरी को दिया और राजस्थान से संबंधित जो बात कही, निश्चित रूप से वह गुमराह करने की बात थी, जिसका उत्तर राजस्थान के मुख्य मंत्री जी ने 12 फरवरी को दिया और 75 प्रतिशत लोगों के लिए, जो बिलो पावर्टी लाइन के लोगों के लिए 10 दिन के लिए 5 रूपए प्रति किलों की बात थी, उस नीति का उन्होंने विरोध किया और साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री जी ने भी यह कहा कि कृषि मंत्रालय द्वारा प्रति माह मजदूर को केवल दस दिन कार्य के लिए जो पैसा दिया जाना है उसे आवश्यक बताया गया है, जबकि सूखे से प्रभावित लोग केवल दस दिन ही खाना नहीं खाएंगे और बाकी 20 दिन के लिए उनकी कैसे व्यवस्था होगी, यह सोचने की बात है। इसलिए न केवल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, बल्कि कई प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों मे यह व्यथा व्यक्त करते हुए कहा है कि कृषि मंत्रालय का यह जो निर्णय है, वह तर्कसंगत नहीं है क्योंकि अगर एक परिवार में पाचं या छह लोग रहते हैं तो केवल दस दिन की मजदूरी करके वे पूरे महीने के भोजन की आपूर्ति नहीं कर सकते हैं। इसी प्रकार से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी ने 3.5 लाख मीट्रिक टन चावल का आवंटन करने की बात कहीं है। इसी प्रकार की बात राजस्थान के मुख्यमंत्री जी ने भी कही हैं। मैं उन आंकड़ों में नहीं जाना चाहता लेकिन मैं यह बताना चाहता हूं कि कुल मिलाकर 31,002.45 करोड़ रूपए मांगे गए हैं जिनमें से केवल 1,999.14 करोड़ रूपए प्रदान किए गए जो हाई लेवल की कमेटी ने दिए। आखिर इन पेचीदगियों से हटकर जितना नुकसान हुआ है, कम से कम उसका 50 प्रतिशत आवंटन तो किया जाना चाहिए, साथ ही SGRY योजना के तहत भी आंवटन किया जाना चाहिए। मैं यह जानना चाहूंगा कि SGRY योजना के अंतर्गत सूखे से प्रभावित राज्यों में कितनी मांग की गई थी और उनको कितनी राशि दी गई ? यदि माननीय मंत्री महोदय इसका ब्योरा दे सकेंगे तो मैं सोचता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने 18 दिसंबर, 2002 को जो वक्तव्य इस सदन में दिया है, यह उसकी आपूर्ति की दिशा में उठाया गया कदम होगा।

महोदया, जहां तक कृषि मंत्री जी की निष्ठा का प्रश्न हैं, उस पर मैं कोई शंका व्यक्त नहीं करना चाहता हूं। मैं उनकी पहल पर विश्वास करता हूं लेकिन जो कदम उठाए जाने चाहिए वे इतनी पेचीदगियों में फंस जाते हैं कि समय पर वे कदम उठाना संभव नहीं हो पाता है। इसलिए जहां तक कृषकों से संबंधित कदम उठाए जाने की बात है, कृषि नीति से संबंधित कदम उठाए जाने की बात हैं, सूखे से निपटने संबंधी कदम उठाए जाने की बात है, उसके बारे में निश्चित रूप से हमें वरीयता के आधार पर कदम उठाने चाहिए क्योंकि यह प्रश्न पूरे देश का है।

जब हम किसी समस्या के बारे में यहां जिक्र करते हैं तो वह समस्या एक या दो प्रतिशत लोगों को प्रभावित करती हैं लेकिन सूखे से उत्पन्न समस्या निश्चित रूप से पूरे देश के करीब 5 करोड़ लोगों को प्रभावित कर रही हैं । वे लोग ने केवल पीने के पानी से वंचित रह जाते हैं, न केवल कृषि के लिए सिंचित सुविधाओं से वंचित रह जाते है, बल्कि सूखा पड़ने की वजह से उन्हें कई प्रकार की सामाजिक सुविधाओं का भी सामना करना पड़ता है । जब मैं सामाजिक समस्या का जिक्र करता हूं तो माननीय जनेश्वर मिश्र जी यहां मौजूद हैं, इन्होंने जिक्र किया था कि जब सामाजिक समस्या उत्पन्न होती है, जब आर्थिक समस्या उत्पन्न होती है तो इसका सबसे ज्यादा शिकार न केवल गरीब किसान होता है, बल्कि महिलाएं भी होती हैं और जब महिलाएं इसका शिकार होती हैं तो किस प्रकार से उनका शोषण होता है, इसकी व्याख्या करना एक ह्रदय-विदारक घटना होगी, इसलिए मैं उसका ज़िक्र नहीं करना चाहता हूं लेकिन इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए निश्चित रूप से हमे प्राथमिकता के आधार पर, वरीयता के आधार पर कदम उठाने की आवश्यकता है, ऐसा मेरा विचार है ।

महोदया, सूखे से जो स्थिति उत्पन्न होती हैं, उससे कई प्रकार की बीमारियां भी फैलती हैं और उससे कई प्रकार के नुकसान भी होते हैं । जब पैदावार कम होती है तो देश की आय भी कम होती है । इससे किसान को तो परेशानी झेलनी ही पड़ती है लेकिन देश की आर्थिक स्थिति पर भी इसका असर पड़ता है । देश की जो मानसिक स्थिति है, जब मैं मानसिक स्थिति कहता हूं तो निश्चित रूप से जब देशवासियों की शारीरिक अवस्था ठीक नहीं होगी तो उसका प्रभाव यहां के लोगों की मानसिक स्थिति पर भी पड़ेगा ।

इसलिए सूखे से निपटने के लिए दीर्घकालीन और अल्पकालीन, दोनों प्रकार की नीतियां बनाए जाने की जरूरत हैं । मैं सोचता हूं कि इस पर विचार करने से हम लोग निश्चित रूप से किसी नतीजे पर पहुंचे पाएंगे । एक विडंबना यह है कि हमारे देश में लगभग 4 प्रतिशत भूमि ही नहरों से सींची जाती है । स्थिति यह है कि हमारे यहां का जी स्तर दिन-प्रतिदिन नीचे गिरता जा रहा है । इसकी वजह यह है कि जो हमारे पंरपरागत साधन थे, जैसे गांवों में एक समय में कुएं और बावड़ियां हुआ करती थी, जल का संचय होता था, गांवों में तालाब हुआ करते थे, उन तालाबों का पानी न केवल मवेशियों के पीने के उपयोग में आता था, बल्कि आम इंसान की भी अन्य जरूरतों जैसे नहाना, कपड़े घोना आदि के काम में आया करता था, आज इन परंमरागत विधियों से हम दूर हो गए हैं । बल्कि एक एयरकंडीशंड रूम में बैठ कर ऐसे नीतिकार इस निर्णय को कर रहें हैं । मैं उनकी नीति पर शंका नही कर रहा हूं लेकिन चूंकि अनुभव की कमी है इसलिए हम किसानों के दर्द का अहसास नहीं कर सकते है, किसानों की पेरशानी का अहसास नहीं कर सकते हैं । महोदया, मैं चूंकि किसान परिवार से आया हूं इसलिए कह सकता हूं कि आगे जब सूखा पडे तो किस प्रकार के कदम उठाए जाने की आवश्यकता है । किसानों को जहां यह बताया जाए कि यदि जिन जगहां पर मौसम विभाग यह घोषणा करता है कि यहां सूखा पड़ सकता है तो पहले से किसानों को यह बताए जाने की आवश्यता है । कि यदि आपको सोयाबीन बोना है और वहां यदि सूखा पड़ेगा तो अब सोयाबीन बोने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अन्य कोई बीज बोने की आवश्यकता है ताकि आपकी खेती प्रभावित न हो । यदि हम इस प्रकार के कदम उठाएंगे तो किसान भारी नुकसान से बच सकता है, इसके बारे में भी कदम उठाए जाने की जरूरत है । न केवल हम सूखा संहिता बनांए बल्कि मौसम संहिता भी बनाया जाना जरूरी है । मौसम विभाग के पास ऐसे आधुनिक उपकरण होने चाहिए जो यह बता सकें

कि किन-किन स्थानों में कब-कब मौसम की क्या-क्या स्थिति जानना जरुरी है। इसके साथ ही साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग की बात है। वाटर का जो एक्सप्लॉटेशन है उसको रोकने की बात है। यह जो ग्राउंड वाटर है उसके संचय करने की बात है। इस दिशा में गाँव के नौजवानों को लगाए जाने की जरुरत है। महोदय, ऐसा मेरा विचार है। इसके लिए हमारे जो कृषि और जल वैज्ञानिक हैं इनको निश्चित रुप से मिलजुल कर सूखा और बाढ दोनों कि स्थिति से निबटने के लिए न केवल महत्वाकांझ योजनाएं बनानी चाहिएं बल्कि उन योजनाओं को बनाकर देश के सामने और देश के किसानों के सामने जो चुनौतियाँ है उनका सामना करना बहुत ज्यादा जरुरी है।

महोदया,मैं अपने राज्य की बात कह कर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा,क्योंकि अन्य सदस्यों को भी बोलना है। मैं जिस प्रदेश –मध्य प्रदेश से ताल्लुक रखता हूं उसके जो 33 जिले हैं उनकी 195 तहसीलें सूखे से प्रभावित हैं। इसके लिए जो एक अध्ययन दल गया वह जांच भी करके आया। महोदया, जैसा मैंने कहा कि पिछले समय जब सूखे पर चर्चा हो रही थी तो माननीय मंत्री महोदय ही थे कृषि मंत्री के रुप में और बड़ी आशा से हमने उनसे कुछ गुजारिश की थी और उन्होने विश्वास भी दिलाया था कि जंहा तक मध्य प्रदेश का ताल्लुक है उसे किसी प्रकार की कमी नही आने देंगे। लेकिन मैं उनसे फिर विनम्रतापूर्वक आग्रह करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश ने जो मांग की है खाद्यान्न के बारे में, मध्य प्रदेश ने जो वित्तीय मदद की मांग की है चाहे राष्ट्रीय आपदा राशि के रुप में या अन्य रुप में, कृपापूर्वक उस राशि को उपलब्ध करांए। ऐसा न हो कि कहीं वह भावना जाए कि जो कांग्रेस शासित राज्य हैं उनके साथ भेदभावपूर्वक या सौतेलापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है और छीन-छीन कर अपने-अपने लोगों को देने की एक प्रेक्टिस एडाप्ट की जा रही है। दूसरों को दें उससे हमें कोई ऐतराज नही है, वह भी उसी प्रकार के पात्र हैं जिस प्रकार का पात्र मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कनार्टक, दिल्ली, पंजाब या अन्य राज्य हैं लेकिन ऐसा नहीं लगना चाहिए कि जहां सूखा बहुत ज्यादा पडा़ है उसके साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। मध्य प्रदेश में बहुत-बहुत भयावह स्थिति । छत्तीसगढ में भी यही स्थिति है, पंजाब में भी यही स्थिति है। राजस्थान की स्थिति तो अत्यन्त दयनीय है। मैं यह कहना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश में तो पिछले तीन वर्षों से लगातार सूखा पड़ रहा है लेकिन राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है जब सूखे की चर्चा होती है तो राजस्थान अव्वल दर्जे पर होता है, इसलिए ऐसे राज्यों को आइडेंटिफाई करना बहुत ज्यादा जरुरी है। जहां लगातार सूखा पड़ता है वहां के लिए निश्चित रुप से अन्य राज्यों से हट कर योजनाएं बनाना चाहिए, अन्य राज्यों से हटकर कोई कदम उठाया जाना चाहिए, ऐसा मेरा आपके माध्यम से आग्रह है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री ललितभाई मेहता (गुजरात) : उपसभापति महोदय, देश के विभिन्न भागों में बार-बार प्राकृतिक विपदाएं आती हैं। कभी सूखा पड़ता है कभी बाढ आती है, कभी चक्रवात आ जाता है, कभी भूचाल आ जाता है। कभी स्थिति ऐसी विषम भी होती है कि कभी बाढ भी आती है और सूखा भी रहता है, इस परिस्थिति की बार-बार हम यहां पर सदन में चर्चा करते हैं। लेकिन इस बार की जो परिस्थिति है वह विशेष रुप से चिंताजनक इसलिए है कि जो राज्य कभी भी सूखे की चपेट में नहीं आते थे वह राज्य भी –पंजाब जैसे राज्य,हरियाणा जैसा राज्य आज इस बार सूखे की चपेट में है। देश के कुल 549 जिलों में से 333 जिले सूखे से प्रभावित हैं। अनावृष्टि की दृष्टि से देखेंगे तो पिछले 12 सालों में बारिश की उतनी कमी कभी नही रही ।

जितनी कि इस साल पूरे देश में रही है। इस अकाल की परिस्थिति के कारण, सूखे की परिस्थिति के कारण देश में कृषि की पैदावार तो घटती ही है, कम होती ही है और इसका कृषि की उत्पादकता पर भी विपरीत असर होता है । सूखे के कारण कृषि की उत्पादकता घटती है । देश में पानी की कमी के कारण बिजली का उत्पादन कम होता है लेकिन किसानों के द्वारा बिजली की मांग बढ़ जाती है, देश में पीने के पानी की समस्या हो जाती है, देश में रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं, देश में पशु-धन के लिए चारा उपलब्ध नहीं हो रहा है । इसके कारण राजस्थान में जैंसे हजारों की तादाद में पशुओं की मौत हुई हैं, ऐसी परिस्थिति देश में बार-बार निर्माण होती है ।

आज हमारे समक्ष इस तरह की घटनाएं होती हैं । हम देखतें हैं कि इसका सीधा असर हमारे कुल सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ता है और उसके कारण देश के उद्योग-धंधे, व्यापार में लोगों की आया कम होती है, लोगों की क्रय-शक्ति कम होती है ओर इसके लोगों को बहुत परेशानियां झेलनी पड़ती हैं ।

इस वर्ष की विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए माननीय प्रधान मंत्री जी ने सूखे से निपटने के लिए एक टास्क फोर्स माननीय उपप्रधान मंत्री जी कीअध्यक्षता में बनाई है । इस टास्क फोर्स के द्वारा पूरे देश में पानी के व्यवथापन की बात सोची जा रही है, रोजगार के अवसर कैसे उपलब्ध कराये जाएं, यह बात भी सोची जा रही है । सूखे से पीड़ित राज्यों के नागरिकों को, पशु-धन को कैसे राहत पहुंचाई जाए, यह बात भी सोची जा रही है । सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में राहत के जो काम चलें उसमें से कायमी दृष्टि से मिल्कियतों का सृजन कैसे हो, वैसा भी एक मुद्दा इस टास्क फोर्स के सामने विचाराधीन है और उस पर कार्यवाही की जा रही है ।

उपसभापति महोदया, देश में 16 प्रतिशत भौगोलिक विस्तार ऐसा है जो कायमी दृष्टि से सूखे से प्रभावित है । देश की 11 प्रतिशत आबादी और 19 प्रतिशत जिले ऐसे हैं जो कायमी दृष्टि से सूखे से प्रभावित है । इस विस्तार की दृष्टि से हम सोचें । मैं गुजरात प्रदेश से आता हूं और उसकी परिस्थिति अन्य राज्यों से विचित्र हैं, चिन्ताजनक हैं । गुजरात की 27 प्रतिशत आबादी ओर 43 प्रतिशत विस्तार सूखे से कायमी दृष्टि से प्रभावित है । गुजरात के कुल जिलों में से 60 प्रतिशत जिले ऐसे हैं जो सूखे से कायमी दृष्टि से प्रभावित है । गुजरात के पास सबसे बड़ा लम्बा समुद्र का किनारा है । हमारे यहां नर्मदा, ताप्ती और मही जैसी पानी से भरपूर नदिंया है । हमारे पास समृद्व बंदरगाहों की श्रृंखला है, खाड़ी ऐसी है जिससे बंदरगाहों का काम चल सकता हैं । औद्योगिक विकास की दृष्टि से देखें तो देश में दूसरे नम्बर पर गुजरात का स्थान है । फिर भी, पिछले पाचं साल की लगातार प्राकृतिक आपदाओं को हम देखें तो 1997 में भंयकर बाढ़ आई । वर्ष 1998 और 1999 में सूखा पड़ गया, चक्रवात भी आ गया । वर्ष 2000-01 के साल में कम या ज्यादा मात्रा में सूखा पड़ा और 2001 के साल में पूरे विश्व में सबसे ज्यादा व्यापक असर देने वाला भूकम्प, भूचाल आ गया और इसके कारण गुजरात की पूरी अर्थव्यवस्था पिछले पांच साल में चरमरा गई हैं । गुजरात की प्राकृतिक परिस्थिति ऐसी है कि 66 प्रतिशत गुजरात का जो विस्तार है वह पत्थर वाली जमीन का विस्तार है, खड़ग वाली जमीन का विस्तार है । चार प्रतिशत विस्तार ऐसा है जहां पर समुद्र का बहाव आगे आ गया है इसके कारण सिर्फ 30 प्रतिशत जमीन का विस्तार ऐसा है जहां पर जमीन में पानी जा सकता है और यही कारण है कि हमें गुजरात में सबसे ज्यादा बारिश के पानी पर आश्रित होकर पीने के पानी की व्यवस्था के लिए सोचना पड़ता है, गुजरात की खेती के लिए सिंचाई के पानी की व्यवस्था का विचार करना पड़ता है । आज

गुजरात में 124 लाख एकड़ जमीन खेती के लायक हैं, उसमें से सिर्फ 30 लाख एकड़ जमीन पर सिंचाई की व्यवस्था है । नर्मदा बांघ बनने के बाद, नर्मदा का पानी गुजरात में आने के बाद भी सिंचाई की व्यवस्था 45 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी । 55 प्रतिशत खेती के लायक जमीन पर सिर्फ बारिश का पानी आए, तभी खेती हो सकती है । इस दृष्टि से गुजरात में दूसरी सिंचाई की योजनाओं तथा अन्य योजनाओं के संबंध में हमें विचार करना पड़ेगा । गुजरात में पिछले पचास सालों में 20 साल सूखे के, अकाल के आए हैं । गुजरात में, मैं जिक्र कर रहा था, पिछले पाचं सालों का । 1999-2000 में 9,449 गांव सूखे से प्रभावित थे, 2000-2001 में 15,148 गांव सूखे से प्रभावित थे । 1998 में साइक्लोन आया था, 1999 में साइक्लोन और सूखा दोनो साथ में आए । 1997 में गुजरात की सरकार को 664 करोड़ रूपए खर्च करने पड़े । 1999 में साइक्लोन के लिए 95 करोड़ और सूखे के लिए 585 करोड़ रूपये खर्च करने पड़े । 2000-2001 में 820 करोड़ 71 लाख रूपए खर्च करने पड़े । इस बार की स्थिति चिंताजनक इसलिए है कि 2002-2003 के इस साल में गुजरात के 5,589 गावं और 55 शहर ऐसे हैं जहां पर पीने के पानी की गंभीर समस्या हैं । 4,529 गांवों में गुजरात की सरकार ने अधिकृत रूप से यह घोषणा कर दी है कि ये सूखे से प्रभावित विस्तार क्षेत्र हैं । जिस जमीन पर खेती होती है उसमें से इस साल करीब 10 लाख हैक्टेयर जमीन पर पानी के अभाव के कारण बुवाई नहीं हो सकी । गुजरात को पिछले पाचं सालों में लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण कृषि के उत्पादों में लगभग 20 हजार करोड़ रूपये का नुकसान भुगतना पड़ा है । परिस्थिति विकट इसलिए है कि आज पानी की समस्या है, पीने के पानी के लिए खर्च करना पड़ रहा है – 1982 से 1992 तक के दस साल में पीने के पानी के लिए योजना बनी थी । 1981-82 में सिर्फ 3 हजार 350 के करीब गावं ऐसे थे जहां पर पीने के पानी की समस्या थी । लेकिन 1990 आते आते 2000 करोड़ रूपये खर्च करने के बाद 900 विलेजिज़ की संख्या बढ़कर 13 हजार के करीब पहुंच गयी । यह परिस्थिति इसलिए है कि बारिश की कमी है । हमारे कच्छ का जो इलाका है, वह सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका इस साल भी है । हमारे कच्छ का जो इलाका है, वह सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका इस साल भी है । वहां पर पानी की जो स्टोरेज कैपेसिटी 166.68 मिलियन क्यूबिक मीटर है, वहां पर आज सिर्फ 6.72 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी ही है यानी स्टोरेज कैपेसिटी का 2.52 प्रतिशत । सौराष्ट्र के इलाके में 2,325 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी संग्रह क्षमता की तुलना में 425 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी है यानी सिर्फ 18 प्रतिशत । उत्तर गुजरात में 627.28 मिलियन क्यूबिक मीटर संग्रह की क्षमता की तुलना में सिर्फ 16.5 प्रतिशत स्टोरेज है लेकिन सिर्फ 2.58 प्रतिशत स्टोरेज हुई है । इसके कारण लोगों के लिए पीने केपानी की समस्या है । इसके अतिरिक्त वहां पर फ्लोराइट वाला पानी मिलता है । कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर ऐसे पानी के कारण लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियां फैल गयी है । यह परिस्थिति भी चिंताजनक है । इसके अतिरिक्त आर्थिक दृष्टि से भी स्थिति चिंताजनक इसलिए है कि वहां पर एक ओर 20 हजार करोड़ रूपये का नुकसान यह हुआ और पिछले पाचं साल में सी.आर.एफ.और एन.सी.सी.एस. में से जो भी राशि गुजरात को मिली उसके उपरांत 4,731 करोड़ 55 लाख का खर्च इन प्राकृतिक आपदाओं को झेलने में गुजरात को करना पड़ा है । महोदया, इस बार 2002-03 की जो परिस्थित है, गुजरात की सरकार ने उसका आकलन किया है और वह केन्द्रीय मंत्रालय को भेजा भी है । 895 करोड़ 34 लाख रूपए की उन लोगों ने अपेक्षा रखी है । पीने के पानी के लिए चाहिए, रोज़गार के लिए पैसा चाहिए, पशु-धन के चारे के लिए पैसा चाहिए, बीमारियों को झेलने के लिए पैसा चाहिए, स्वास्थ्य की सुविधाओं के लिए पैसा चाहिए । लेकिन आज परिस्थिति यह है

3.00 p.m.

कि गुजरात को सी. आर. एफ.(कैलेमिटी रिलीफ फंड) में से जो पैसा मिल रहा है, वह सिर्फ133.46 करोड़ ही मिलेगा। बाकी जो पैसा है, उसके लिए गुजरात की अर्थव्यवस्था पर उसका भार आएगा। मेरा वह सुझाव रहेगा कि 133.48 करोड़ रूपए की राशि जो भारत सरकार को देनी है, वह अविलम्ब एक ही हफ्ते में दे दे । 2003-04 के लिए गुजरात का सी.आर.एफ. में जो हिस्सा रहेगा, वह 186.46 करोड़ का रहेगा । मेरा भारत सरकार को यह सुझाव रहेगा कि 2003-04 की जो यह राशि हमको मिलनी है, उसमें से भी अगर एक या दो किश्त दो हफ्ते में हमको दे दी जाए तो वह पूरा किया जा सकता है ।

एक बार ऐसी परिस्थिति हुई थी और केन्द्र सरकार ने वेजेज़ एंड मीन्स में से ऐडवांसेज देकर गुजरात की मुश्किलात में मदद की थी । मेरा यह सुझाव रहेगा कि अगर 300 करोड़ की राशि वेजेज़ एंड मीन्स ऐडवांसेज में से गुजरात को दी जाए तो गुजरात को जो भी खर्च प्राकृतिक विपदाओं को झेलने के लिए करना पड़ रहा है, उसमें उनको सहायता मिलेगी ।

आज हम आभारी हैं कि रेल मंत्रालय ने गुजरात को चारा ढोने के लिए वैगन उपलब्ध कराए हैं लेकिन वे पर्याप्त नहीं है । हमको प्रतिदिन दो वैगन चाहिए जिससे कि कच्छ के जिले में, उत्तर मंत्रालय से भी यह निवेदन रहेगा कि प्रतिदिन के दो वैगन गुजरात की सरकार को उपलब्ध कराएं । जो शहर सूखे के क्षेत्र में नहीं आते हैं, जो सूखा घोषित नहीं किए गए हैं, लेकिन 55 शहर ऐसे है जहां पीने के पानी की तीव्रतम समस्या है, तो मैं यह चाहूंगा कि प्रधान मंत्री जी के राहत कोष से अगर 17 करोड़ रूपया इसके लिए उपलब्ध कराया जाए तो गुजरात को बहुत सहायता मिलेगी ।

पचौरी जी ने जो सुक्षाव दिया, मैं अब उस पर आना चाहूंगा । देश में जो हमारी 700 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी की आवश्यकता है, उसके सामने हमारी स्टोरेज कैपेसिटी 179.73 बिलियन क्यूबिक मीटर है ।75.42 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी की क्षमता के लिए हमारा काम चल रहा है । 132.32 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी के लिए हम नई योजनाएं बना रहे हैं । इन सबका अगर हम मेल बैठाएं तो 387.47 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी की व्यवस्था हम कर पा रहे हैं । बाकी 302.53 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी आज भी समुद्र में बहता चला जा रहा है । इसको रोकने के लिए हमें व्यवस्था करनी होगी और इसके कारण जो हमारी प्रति व्यक्ति पानी की आवश्यकता है, वह आवश्यकता हम पूरी कर पाएंगे ।

मेरा एक दूसरा सुझाव भारत सरकार को यह भी रहेगा कि नर्मदा बांध की ऊंचाई 110 मीटर तक ले जाने के लिए जो भी बाधाएं खड़ी की जा रही है, उन सबको समाप्त किया जाए । मेघा पाटेकर ओर उनकी मंडली के द्वारा अनेक आंदोलनकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । उन सबको समाप्त करने की दृष्टि से हमें सोचना होगा । नर्मदा कंट्रोल अथॉरिटी के द्वारा जो भी आवश्यकताएं है, वे आवश्यकताएं गुजरात सरकार पूरी कर रही है । आज 98 मीटर पर उस बांध का काम रूका हुआ है, उसे आगे ले जाने की दृष्टि से भी नर्मदा कंट्रोल अथॉरिटी मंजूरी दे दे तो हमारे यहां यह काम हो सकता है ।

हमारे महामहिम राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी असम के दौरे पर गए थे । उस दौरे का एक प्रसंग उन्होंने अपनी पुस्तक "इग्नाइटेड माइंड्ज " में उद्वत किया है । मैं उसका उल्लेख यहां करना चाहूंगा कि वहां तेजपुर की एक शाला में एक विद्यार्थी ने हमारे राष्ट्रपति जी

से एक सवाल पूछा। ब्रह्मपुत्र नदी में बार-बार बाढ़ आती है तो क्यों यह ब्रह्मपुत्र का पानी तमिलनाडु में नहीं ले जाया जा सकता ? यह ब्रह्मपुत्र नदी का पानी राजस्थान में क्यों नहीं ले जाया जा सकता ? राष्ट्रपति जी ने तो उस बच्चे को ऐसा जवाब नहीं दिया। कि पानी राज्यों का विषय रहता है । पानी के लिए राज्य झगड़ते हैं, पानी का बंटवारा करने के लिए राज्यों में विवाद चलता है । लेकिन राष्ट्रपति जी ने जो जवाब दिया, वह जवाब यह हैं कि देश के पानी के संसाधनों के लिए, देश के विविध राज्यों की नदियों को जोड़ने के लिए युवाओं को भगीरथ कार्य करना पड़ेगा । भारत की सरकार ने यह कार्य आज अपने हाथ में लिया है । देश की विभिन्न नदियों को जोड़ने के लिए सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स बनाया गया है । पाचं लाख साठ हजार करोड़ की लागत से दो हजार सौलह का साल आने तक, देश की विभिन्न नदियों को जोड़ने का काम किया जा रहा है । महोदय, मैं यह याद दिलाना चाहूंगा कि 1978 में जब इस देश में मुरारजीभाई देसाई प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे थे, उस वक्त उत्तर की नदियों और दक्षिण की नदियों की नहर बनाने की योजना बनी थी ।उस वक्त डा. दस्तुर ने यह कहा था कि एक बार ये नहरें बन जाएं तो नहर माला के आधार पर पूरे देश का पानी एक विस्तार से दूसरे विस्तार में ले जाएंगे । इसमें कोई बीस साल का समय लगेगा । उस वक्त का यह विचार अगर क्रियान्वित हो गया होता तो आज 2002 में हमें भीषण अकाल की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता । मैं चाहता हूं कि नदियों को जोड़ने की जो भागीरथ योजना बनी है, भारत सरकार समय से पहले इसके लिए कार्यशील हो जाए ओर जल्दी से जल्दी इसको पूरा कर दे । आज इस परिस्थिति पर मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri C. Ramachandraiah. Even those people from your Party who were fighting for this discussion are not there.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): They are waiting for my turn.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Are they waiting for you to bring the water?...(Interruptions).. Three of them are there. ...(Interruptions).. They all are sitting together. ...(Interruptions)..

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Madam, I thank you in the first instance for your accepting my request to allow us to raise a discussion on the floor of the House on the drought situation in the country. Madam, in spite five decades of irrigation development, in spite of our completion of Nine Five Year Plans, in spite of spending lakhs of crores of rupees on rural development and irrigation sector, in spite of our having a very high scientific pool among the comity of nations and high technological advancement and in spite of our achievement of the Green Revolution which made us to be self-sufficient country in the matter of foodgrains, still we have been talking about drought. It is a very unfortunate thing. We are not able to change the condition of the farmers in rural areas in this country.

Drought as such seems to be an inevitable thing for this country. It is a common phenomenon. I read an article written by Shri Mohan Dharia, an eminent socialist which says, "In spite of completion of all the projects and exploring all the hydraulic systems that are available in this country, we can irrigate only 50 per cent of the sown soil in this country. Monsoon can and will fail. But it is a drought of action that aggravates the situation." Madam, it is not only drought but it is drought on the part of the Government that aggravates the situation because a number of times we have been discussing and ultimately the request to the Government is that the impact of this drought has to be minimised. We have become self-sufficient at macro-level. We have got 60 million tonnes of foodgrains in our godowns. We have got a very moderate rate of inflation. We have huge foreign exchange reserves. But, in spite of all these things, still, a major chunk of the population is living Below the Poverty Line. The economy of this country has been developed in such a way that it does not have that resilience to withstand the impact of drought consecutively for three to four years. Still, starvation deaths are reported in Rajasthan and in other parts of the country. Unemployment is there. In spite of the availability of huge quantity of foodgrains, still, a major percentage of people cannot $8ord to buy foodgrains. Affordability is not there. So, the primary duty of this Government or any civilized Government is to provide food to the people. I have to quote Swamy Paramahamsa. He says, "There is no religion with empty stomach. The religion lies where you feed the people of this country." This dichotomy has to be addressed. These anomalies have to be redressed. I appeal to the Government to rise to the occasion. Madam, till today, the Government does not have and could not build up the machinery to foresee the natural disasters like drought, failure of monsoons, floods and prepare a contingency plan as to how to overcome this. The Government has yet to build up that machinery. It has got a cascading effect. The drought affects your savings. It affects the investment. It affects the manufacturing sector. The Government has got a very embolden claim of achieving the growth rate of 8 per cent, particularly in the first year of the Tenth Five Year Plan. It is going to be over by this March. The Central Statistical Organisation has estimated a growth rate of 4.4 per cent for the first year. So, this drought, particularly during the last two years, affected the growth rate of this country to the extent of 2 per cent. I want to emphasise here the impact of drought on the economy of this country. In this connection, I would like to give some suggestions.

Madam, as far as my State is concerned, the condition is very pathetic and grim. The total agricultural loss in my State is around Rs.5,300 crores. The deficiency in rainfall is 32 per cent. This has been recorded throughout the State and the entire State has been declared as drought-affected, including Hyderabad city which is reeling under drought due to non-availability of water. The Centre has released five lakh tonnes of rice to provide employment. It is not sufficient. We have requested the Government of India for a cash relief of Rs. 2,373 crores. Out "of which, the Task Force has announced Rs. 174.61 crores. Of these Rs. 17A crores, not even a single paisa has been released till today. The sanctioned amount has not been released so far. In spite of the visits of the two Central Teams, the Government has not risen up to the occasion. I should say that it has got a very lukewarm attitude towards our State. The conditions of the farmers are so pathetic in our State that they are selling their cattle to the slaughterhouses for their sustenance and livelihood and many of them are leaving the villages. There is a mass exodus from the State to other affluent parts of the country. Such migrations are creating problems in cities as well. I am sorry to point out here that a meagre amount released from the Calamity Relief Fund is not sufficient even to meet the fraction of the. requirement of the State. The drought situation demands that even drinking water supply may have to be arranged for many rural areas through transportation. Fodder has to be provided.for cattle, in addition to rice under the Food-for-Work Programme for the rural poor.

So, I want to make some suggestions in this regard. You have to step up the investment in the agricultural sector, especially in irrigation. And, if I quote the report of the Planning Commission, the investment in irrigation sector was 23 per cent in the First Five Year Plan. Now, in the Ninth Five Year Plan, it has been reduced to 7 per cent. Clearly, it has been reduced considerably. Till now, we could provide irrigation to only 39 per cent of the sown area. The Tenth Plan has got a spill ovej of 159 major and 242 medium irrigation projects; while, the allocation for irrigation and agriculture, in the Tenth Five Year Plan, is considerably low. Some time back, I heard the hon. Minister, while he was addressing a Press conference, saying that allocation to the agriculture sector in the Tenth Plan has considerably reduced. I don't know -- this being an agrarian economy, which has got a tremendous impact on the overall development of the country - how the Government will achieve 8 per cent growth because the contributing factor to the overall GDP is much from the agricultural sector. As a permanent measure, I am very happy, the Government has constituted

a task force for linkage of rivers in this country, which has been pending for a long time. But, I have got my own apprehensions about this. Can you initiate efforts to arrive at a political consensus in order to get a clearance for this project because 'water' is now in the Concurrent List? Without the consent of the States, it would be very difficult to complete this project. In fact, this project is a mission, which can be spread over 40-50 years, with an investment of Rs. 6 lakh crores. Unless 'water' is declared as a national asset, it is very difficult to complete this project. Can you initiate measures to interact with the Chief Ministers of various States, which are being represented by various political parties, so that a consensus can be arrived at? We have been unable to solve the inter-State water disputes. Tamil Nadu has got a row with Karnataka, so far as Cauvery is concerned. So, all these problems have to be solved. The Government of India has not been successful in solving these problems. So, a machinery has to be created, and a national consensus has to be arrived at. Now, after 73rd and 74th amendments of the Constitutions, even the Corporations, Municipalities and Panchayats are involved in water management. So, this aspect has also to be taken into account, and a consensus has to be arrived at. I want to point out one more thing to the Government of India — why do you distrust the States? States have got their own obligations towards their people. States have got a correct mechanism. How can 2-3 Secretaries and Joint Secretaries, by visiting for half-a-day or one day, assess the net damage that has been done to the States? It is very surprising to me that the same officers, who had once served the States, and had sent the reports regarding the requirements of the States, when they come to the Centre and visit those States, have different perceptions. (Interruptions) Please trust the State Governments. State Governments have also got obligations to their people. They know how to assess the damage that has been done to the people. Of course, the Government of India may have constraints because their deficit is much more than the States; and, they have to contain the fiscal deficit of the country. Your fiscal deficit is 24 per cent, whereas ours is not even 7 per cent. So, what I am trying to say is, it is a federal country; it is a Union of States. How long can you mistrust the States? You have to trust them. You send your team, but they submit their reports at their pleasure. Here, I would like to cite one example. When Mr. Liyaqat Ali Khan was the Prime Minister of Pakistan, there was an acute famine in Pakistan.

There was a famine in the country and the concerned file had come to him. The Secretary kept the file and was waiting for rehabilitation

measures to be initiated. He kept the file pending saying, "you put it up tomorrow." It was going on. When the floods came, he thought that it was high time to initiate rehabilitation measures for flood victims. And then, the measures for flood relief were recommended, Let us not repeat that performance here. You should rise to the occasion because the States are suffering a lot. You should believe the States. There should be a perfect coordination between the Centre and the States in formulating the schemes for employment generation, and providing succour and relief to the victims of the natural calamities, because the States have got the machinery to provide all these things. The Government of India has to respond to the needs of the States. My friend is sitting here, I don't know whether I can refer to Karnataka or not. We had requested the Chief Minister of Karnataka, "you have got surplus water, you don't need it, so, kindly release that water. We are prepared to provide electricity that will be generated by this." We wrote a letter to the hon. Prime Minister also. And the hon. Prime Minister has not responded to it. This is a very pathetic situation. As far as my knowledge goes, in the span of the last hundred years, not even once has the so-called KCA canal in my district failed to provide water to farmers. It was constructed by Sir Arthur Cotton. Not even in a single year has it failed to provide water to farmers. But, now the situation is so pathetic that farmers are selling their cattle. There is a mass exodus of people from rural areas to other affluent areas of the country. Ours is a civilized Government. Our Chief Minister had written a number of letters to the Karnataka Government and to the hon. Prime Minister to come to our rescue. But never have they come to our rescue. In spite of all our requests, not even a single paisa has been released till date. Everybody, every political party, feels that we have been taking more advantage of the Government, which is not the case. I want to make this point clear. It is not the case at all. ...(Interruptions)... I am saying this from records. ... (Interruptions)... I am showing the record. ...(Interruptions)...We want to keep the Government in a stable manner. ...(Interruptions)...We are not destabilizers. We want to keep a stabilized Government here, despite all these odds. ...(Interruptions)... To sum up, I request the Government to rise to the occasion and help the States to face this unprecedented situation.

There is one more point which I want to bring to the notice of the Government. Why don't you prepare the society to face these natural calamities? In developed countries, you don't hear of any drought. Why don't you prepare the society for it? You are always complacent. Whenever a natural calamity strikes, you wake up and come to the rescue

of the people, and by that time the rescue work gets delayed. So, people have developed a philosophy, 'it is our 'Karma' and we have to bear the brunt of it.' The Government never tries to initiate appropriate measures, never tries to foresee the future. I think, Mr. A.K. Roy predicted drought four years back. I read it in the newspapers. Kindly come to rescue of farmers and the agricultural labourers and provide necessary funds for implementing these contingency plans, which have been formulated by my State, for fodder supply, drinking water supply in rural and urban sectors and create employment opportunities, social security, and for protecting the health of the citizens. I also request that the Central assistance sought by the State should be sanctioned and allocated to Andhra Pradesh, as early as possible for mitigating the drought situation in the State. I appeal to the Government to consider the requests of all States. Mr. Pachouri has already mentioned this. The situation in some other States is also very grave. So, you should come to the rescue of the States. I will go to the extent of saying, if necessary, divert the funds from other sectors to save the millions of people, who are affected by this drought.

SHRI A. V1JAYA RAGHAVAN (Kerala): Madam, this is the worst drought our country witnessed in the last 30 years. In the last session, we discussed this matter seriously. The drought has its own impact on the economy of our country. Immediately after the Kharif season was over, it was reported that rice production declined by nearly about 15.48 per cent. It was also reported in the newspapers that of the last seven years, foodgrains production of this year was the least. It was also reported that water situation in 70 reservoirs was very critical. We discussed this issue in the last session, and, the Government also made some announcements. The Prime Minister announced some relief packages like waiving of interest, etc. The Government also appointed a High-Level Committee to examine the issue. It was also reported that the Ministry of Agriculture had devised a formula to tackle the situation. But, it is unfortunate to note here that though three months have passed, the Government has not yet been able to tackle the situation. The peninsular areas in our country are Andhra Pradesh, Tamil Nadu, Karanataka, and Kerala. This year, Andhra Pradesh is declared as drought-hit State. In Tamil Nadu also, except Chehnai, every part is declared as drought hit. Karnataka is also facing the same situation. Kerala also faced similar draught. Madam, this is the situation and the Government has failed to provide adequate relief to the drought-hit States. Kerala had requested for a relief of Rs. 1022 crores to compensate the loss suffered due to drought. Actually, the situation in Kerala is totally different

from other States. The Central Team, when visited our State, had assured that they will provide, relief according to the size of crops damaged. But, in Kerala, cash crops like coconut and rubber are sown. So, naturally, in case of cash crops, the loss would be much more. Therefore, I would suggest that, in respect of Kerala, the formula on the basis of which the relief is provided should be changed. The present formula which says that laws for agricultural input subsidy have been liberalised with even 50 per cent of the damage qualifying for assistance, is not fully correct. As per the earlier law, the States were eligible for compensation irrespective of the extent of the damage. As per the revised laws, assistance is provided only when more than 50 per cent of the crop is damaged. So that in a State like Kerala, where 60 per cent of the crops are cash crops, we are not getting the appropriate assistance. I suggest that, in respect of Kerala, this formula should be changed. Secondly, Madam, the Government has announced so many programmes. But, a serious problem is arising after the discussion which we had during the last Session. Now, the Government has announced that the Finance Ministry is going to cut down the Budget allocations for different Ministries. Now, what would be the impact of this cut on the Calamity Relief Programme, on the employment generation programmes, on the agricultural sector, etc.? That has to be explained before the general public because, people are afraid that if such a cut is imposed, what would be its impact in the scenario of an unprecedented drought. So, that aspect needs to be explained in detail in this august House.

Then, Madam, there is the Prime Minister's assurance on waiving the loan amount. For this purpose, the NABARD and Government should give sufficient assistance to the commercial banks as well as to the cooperative banks, otherwise, these benefits will not be passed on to the peasants who are facing the acute problem of drought. The cooperative banks are financially not in a position to extend this facility of waiving the interest. Naturally, the Central Government has to come up with a package with regard to the waiving of interest for the peasants who have taken the loan from the cooperative banks.

Secondly, Madam, there is an assurance with regard to Calamity Relief Fund. But, they are not giving it in single instalment. What happens is that the Government is giving these assistances only in instalments. They are giving it as 'first part of the instalment', 'second part of the instalment', etc. Madam, I think that in this acute situation, you should not give the

bureaucrats an opportunity to exploit the situation. If you handle the situation in the way you are doing, what will happen is that this bureaucratic thing will come in between, and the benefit and the relief will not percolate to the rural villages.

The third thing, Madam, is with regard to giving adequate support for drinking water and for irrigation purposes. The Government is saying, "We will give you water after 40 years.' Madam, the drought is already there. The drought is there for the last three years, and we are talking about Rs. 5,96,000 crores and all that, but we do not have sufficient funds to provide for the Budget allocation. This kind of myopic attitude is not expected from a respectable and responsive Government. Unfortunately, this Government is coming with such rhetoric which is not going to be fulfilled in the given condition which is prevailing in this country.

Then, Madam, I would like to talk about the agricultural input. In the Ninth Plan, the agricultural sector was given a priority. But as far as the Tenth Plan is concerned, this priority was not visible. The Government has to clearly say before the people as to what its stand is. You should not talk more on temple rather you talk more about the welfare of the people, that would be helpful for the country.

Then Madam, the problem of water sharing is also there. I think in this time of drought, there should be a specific scheme of water distribution. Madam, rather than creating a situation of conflict among the States, some kind of scheme for sharing of water in the time of distress between one State and another should be there. So, my suggestion is that the Government should come out with some proposals with regard to the sharing of water during the drought situation.

Then, Madam, with regard to the poor and backward sections of our society, I would like to say that the 'Food for Work Programme' is very important. For the agricultural workers and landless labourers, the drought situation has created a big problem. They are migrating from rural areas to the urban towns, and they are not getting any work. So, for them, the Food for Work Programme and strengthening of the Public Distribution System is a must. Unfortunately, Madam, we have 16 million tonnes of foodgrains in the FCI. Whatever food subsidy is being given by the Government in the Budget, we are spending it only for preserving the foodstuffs in the FCI godowns, and not for providing foodstuffs for the economically vulnerable sections, the agricultural labourers and the landless

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं । अभी मिश्र जी ने ठीक ही कहा है कि यह पीरिएड तो गुजर रहा है, आगे वाले पीरिएड के बारे में सोचिए । हमारे बिहार में कहावत है, "बारात आवे तो कोहरा...।" वाजपेयी जी ने कहा कि हम सभी नदियों को जोड़ देंगे । आप एक साल के लिए तो हैं और कम का पता नहीं । अब अकाल आ गया तो कहते हैं कि हम सब नदियों को जोड़ देंगे । मोरारजी भाई जब प्रधान मंत्री बने थे तो उन्होंने कहा था कि दस साल में हम पूरे देश की बेरोजगारी दूर कर देंगे । अब वाजपेयी जी कह रहे हैं कि हम सब नदियों को जोड़ देंगे । एक नदी को तो आप जोड़ नहीं पा रहे हैं । आप तमिलनाडु और कर्णाटक की जो नदी है उसको तो जोड़ नहीं पा रहे हैं, उसके लिए एक साल से लगे हुए हैं और आप पूरे हिन्दुस्तान की नदियों को जोड़ने की बात करते हैं । आप इस बात को छोड़िये । आप तत्काल कोई राहत का ऐसा रास्ता निकालिए कि जो लोग भूख से मर रहे है, उनका बचाव हो सके । आप सभी राज्यों को बराबर की दृष्टि से देखिए । जहां पर आपकी हुकूमत हैं वहां भी और जहां पर नहीं है वहां भी । तीन साल पहले बंगाल में भयंकर बारिश हुई और आप एक साल तक उसका सर्वे कराते रहे ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक रात आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में कसके बारिश हुई तो रातों रात 400 करोड़ रूपया ट्रांसफर कर दिया । हम लोग आपको ऐसा करते हुए देख रहे हैं । आप इन नीतियों को चेंज करिए । देश के अंदर जहां-जहां भी भंयकर अकाल और सूखा है, वहां पर चाहे किसी भी पार्टी की हुकूमत हैं आप सबको बराबर की दृष्टि से देखने की कोशिश कीजिए । हमें आशा है कि आप ऐसा करेंगे । अभी लालू जी ने कहा कि शीतलहर से लोग मर रहें हैं और इन्होंने तीस करोड़ रूपया मांगा । इसके बाद में कहते हैं कि कोई पैसा नहीं देंगे क्योंकि वहां तो लालू जी की सरकार है । वहां लालू जी की सरकार है तो क्या करिएगा । इनकी सरकार तो आगे भी आने वाली है । आप लोग जितनी भी कोशिश करिए, हालांकि हमारी पार्टी इनके खिलाफ है, लेकिन सब लोग कोशिश कर लें, लेकिन लालू जी को हराने वाले नहीं है । धन्यवाद ।

SHRI RAMACHANDRA KHUNTIA (Orissa): Sir, I associate myself with Shri Suresh Pachouri who raised this discussion and I also support the points raised by him with regard to drought situation that we are discussing in this House. Everybody has already expressed the extent of devastation of drought in the whole of country. As we all know, 14 States have been affected. In Andhra Pradesh, out of 1126 Mandals, 925, in Orissa 283 Blocks in 30 districts, in Punjab all 17 districts, in Rajasthan all '32 districts, in Uttar Pradesh all 70 districts, in Uttaranchal all 30 districts, in Jharkhand all 22 districts and in Tamil Nadu 19 districts are affected by drought. Almost all States are affected by drought. What I want to say is that in 14 States all the districts are seriously affected by drought. I join myself other Members in expressing our displeasure that the Government has not done enough to tackle the situation. Somebody is telling in this House, "We are more concerned as to how to interrupt and oppose what Laluji was saying." They are concerned to oppose what Laluji has been saying. And the Government is not agreeing with us when we say that 300 starvation deaths are reported in Orissa. The Government is not at all concerned to protect the people from starvation. But the Government is more concerned to say that there are no starvation deaths either in Orissa or in any other State. I surprised and expressed my anguish and now would like to know who is primarily responsible to provide employment, food and clothing to the inhabitants of the States? The Government should be more concerned to provide water, to extend support to the farmers and-also to take appropriate steps to stop the starvation deaths. Instead, the Government is using all its force to prove that there are no starvation deaths in our State. This has become the motive of the Government. I wanted to make one point clear. I would like to know who is at fault -- Central Government or the State Governments? If you look at the demands made by the States, you will know the real picture. Sir, Andhra Pradesh demanded Rs. 2,374 crores, but got only Rs. 174.61 crores; Chhattisgarh claimed Rs. 880.66 crores, but got only 92.73 crores; Haryana claimed Rs. 1,895.98 crores, got Rs. 109.65 crores; Himachal Pradesh claimed Rs. 155.86 crores, but got only Rs. 39.45 crores; Jarkhand claimed Rs. 1,447.25 crores, but got only Rs. 42 crores; Karnataka claimed Rs. 1,562.85 crores, but got Rs. 221 crores. Now, Madhya Pradesh claimed Rs.790.38 crores, but got only Rs. 125.89 crores; Maharashtra claimed Rs. 1713.61 crores, but got 20 crores; and, Orissa claimed Rs. 871 crores, but got only Rs. 120.18 crores. Now, the Government of Orissa submitted a revised claim of Rs. 1677 crores. Sir, Punjab claimed Rs. 3,529.44 crores, but got only Rs. 125.41 crores;

Rajasthan claimed Rs. 7,519.76 crores, but got Rs. 207 crores; Tamil Nadu claimed Rs. 1,545 crores, but got Rs. 228 crores; Uttaranchal claimed Rs. 401 crores, but got only Rs. 10 crores; and, Uttar Pradesh claimed Rs. 7,539 crores, but got' Rs. 481 crores. So, my submission is, which assessment is correct -- State Government or the Central Government? Or, the demands of the State Governments are wrong. Or, the Central Government is not able to give money. If the State Government rightly submits its requirement, how is it that with the scanty assistance given by the Central Government the State Governments can manage such a serious situation? This is to be discussed and judged in that spirit.

Now, I will come to the situation in Orissa. We know the situation is Orissa. I represent the State of Orissa. The Below Poverty Line percentage in Orissa is the highest -- 47 per cent -- in the country. Sir, in 1999, there was a super-cyclone. In 2000, there were drought. In 2001, again, there were floods in some parts of the State and drought in other parts of the State. From 2002 till date, there are serious floods affecting all the 30 districts of Orissa. Take the case of Jajpur district, Jagatsinghpur district, Kendrapara, Cuttack, Baleshwar, Bhadrak, Korvan, Puri, Khurdard, Naigarh, Ganjam, Gajapati in coastal areas, or, take the KBK Districts, about which this Government is also making more *halla-gulla* by saying that it is giving more money to KBK Districts. Take the case of Koraput, Malkangir, Rayagada, Bolangir, Sonpur, Naupada, Kalahandi, or, the Western Districts of Orissa like Sambalpur, Bargarh, Deogarh, Dhenkanal, Sundargarh, Anugul, Keonjhar; they are also seriously affected. In Kalahandi, Naupada, Bolangir, Sonpur and Keonjhar during the last year, 300 starvation deaths were alleged. The Planning Commission enquired into it. The Human Rights Commission enquired into it. A Parliamentary Committee enquired into it. But, I am surprised that the State Government and the Central Government, instead of taking remedial measures; instead of taking appropriate steps to deal with the problem of starvation; instead of providing support to the people of Orissa; are trying to ^{e}ay that there have been no starvation deaths in Orissa. So, such is the situation. In Orissa, as you know,...*(Time-Bell)* Sir, I think, our party is still left with some more time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): No, I don't think so. There were two more Members from your party.

SHRI RAMACHANDRA KHUNTIA: Okay, Sir. A Central-Government Committee, which had been to Orissa, said, as reported in *The*

Orissa Dharitr, "First you spend your money, and, then, ask for more money." The hon. Minister, while replying to the discussion on drought, last time, also said, "Your Government has not spent the money." I do not know whether the Government had spent the money or not. But, now, the Government has revised the estimates, and has asked for Rs. 1677 crores. The question is: who is responsible? You are sharing power with the help of the party, which is in Government in the State, about which you are talking. The Chief Minister, Shri Naveen Patnaik, does not belong to any other party, but to the party which is supporting the NDA Government at the Centre. If that Government is not spending the money, and the starvation deaths are taking place, who should be held responsible? The NDA Government, which is led by Shri Atal Bihari Vajpayee, or, anybody else in the House, or, the general public? When the money has not been spent, who should be held responsible for this negligence -- the State Government or the Central Government? Whoever may be responsible for this negligence, the people of Orissa should not be allowed to die because of the negligence of the State Government or the Central Government. Now, one more thing has been published in this newspaper, "As there have been various enquiries by various agencies, the State Government has taken a decision that the Ward Member will be held responsible if there is any starvation death in the State." What a surprise! The Chief Minister will not be held responsible, the Chief Secretary will not be held responsible, not even the Collector, not even the BDO, but the lower most elected representative of the Gram Panchayat will be held responsible, and action will be taken against him! This is the attitude of the Government. In order to avoid its responsibility, the whole responsibility has been fixed only on one man, who has no executing power. So, Sir, in such a situation, I appeal that the Central Government should take a serious view of the prevailing drought situation in Orissa and other backward States. It should be serious about the starvation deaths. And, as Mr. Gaya Singh said, if you are not going to be serious, a time will come soon when these people --whom you are thinking are poor; whom you are thinking are weak; whom you are thinking cannot raise their protest -- will be forced to take action and you will not be able to face that. So, before the situation in Orissa acquires further serious dimensions, I, once again, appeal to the Government, through you, to take appropriate steps to improve the situation; and, also, to take appropriate steps in respect of irrigation and insurance of all the cultivated land of the country, to protect the people from drought and other natuial calamities.

SHRI H.K. JAVARE GOWDA (Karnataka): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. The prevailing drought situation in the country is very serious. Fourteen States have very badly been affected because of it. And, the Central Government says that it has extended its financial assistance; whereas, the States say that they are not in a position to meet the challenge of drought. So far as Karnataka is concerned, 24 districts, out of 27 districts, have very badly been affected. Out of 175 Talukas, 157 Talukas are badly affected and the most affected people are farmers and rural poor. Even the cattle are also badly affected. The farmers have no say in this. There is no fodder, there are no foodgrains and there is no drinking water. These are the main problems that the people of Karnataka are facing today. The Karnataka Government has requested a financial assistance of Rsi,562.85 crores, and it had also requested for release of 11,00,095 lakh metric tonnes of foodgrains, but the Central Government has released an amount of Rs. 221/- crores only, and only 3.65 lakh metric tonnes of foodgrains have been released so far. These are quite insufficient. It does not meet the demand of the State of Karnataka. The situation prevailing there is like this. The farmers of Karnataka are committing suicides. This problem has neither been addressed by the Central Government nor by the State Government. They are freely allowing the farmers to commit suicides and they have been left to suffer. Neither the Central Government nor the State Government has come forward to provide relief to the farmers. No enquiries regarding prevailing conditions, the purchasing capacity, the fodder situation etc., have been made. This is the prevailing situation in Karnataka.

The State Governments say that we are bankrupt. Almost all the States in the country are saying that they are not in a position to pay salaries to the employees because there is no money in the Exchequer. There are no foodgrains in the State Government holding. This is the burning problem of most of the States. At the same time, the Central Government has also been saying, "we have no funds, we have no fodder. We have sufficient foodgrains, but the State Governments have not come forward, and they have not sent the requisition, that is why, we have not been able to release the food." But the ultimate sufferer is the real poor farmer and the poor coolie. They are suffering a lot.

5.00 p.m.

There is another thing which I want to mention. The situation in the State of Karnataka has become very peculiar. It has been directed that we should release water, but the fact is that we have no water. There is no drinking water in the entire State of Karnataka. The half grown .crops have dried out. The farmers have lost everything. The money spent on seeds and manure has also been lost. But there is nobody to listen to us. This is the irony of the State of Karnataka. They are very respected and law-abiding citizens.

I would like to put a question to Shri Ajit Singh. I am a very small man. When I was a student, I used to listen to Shri Charan Singh. He was fighting for the cause of the farmers. He was the champion of the farmers. Unfortunately the Agriculture Minister is without the power to assist farmers. I would like to request Shri Ajit Singh, please open your mouth and convey to the Government about the serious problems being faced by the farmers. *..,(Interruptbns)...He* is opening his mouth as a Minister, he is not opening his mouth as a real farmer. That is the issue. I am compelling you to say so because farmers and the poor people are facing the brunt of this. Neither the Central Government nor the State Government is coming forward to help them. What is the priority of the Government? The priority of the Government is disinvestment. Its priority is the development of the BJP in the name of Hindutva. I didn't want to say that. But, I have no objection to say that the entire attention is getting deviated from the burning problem. Under these circumstances, I would like to request the Government, particularly, the hon. Prime Minister to please try to address the problems of farmers and the drought-affected people because drought is not a one day problem. It is a continuous problem. Even after 55 years of Independence, we have not come forward with a specific policy to tackle this drought situation and how to take measures for it. Under these circumstances, if there are no funds with the State Government or the Central Government, would you allow farmers and the drought-affected people to suffer? Is it the policy of a democratically-elected Government? I urge upon the Government, 'please don't waste time. You have not released the required amount of foodgrains. For Karnataka, from February to 1st July, will be the worst period, because there will be no rain. I inquired from the Secretary of the Government of Karnataka, and he said, "foodgrains have not yet been released." Therefore, I urge upon the Central Government to release the relief funds and also the

foodgrains. Fodder is also not available in Karnataka. You have to find a way out. If it is available in other States, arrangements should be made to transport it to Karnataka. Then, waiving of interest is also one of the important points. I know it is not exactly related to your Ministry. The farmers in Karnataka are going for loans. Bankers and lenders go to their houses and take away their utensils and other things. Therefore, I urge upon the Government to issue a directive to almost ail the States in our country to suspend the recovery of loans for one year, or, till the drought situation improves. I hope the hon. Minister will interfere and do justice to the drought-affected people. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Hon. Members, there is one more speaker. Then, the hon. Minister will reply. It is already 5.00 p.m. Should we continue with the business?

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): Sir, since tomorrow we have to take up Motion of Thanks on President's Address, I would suggest, through you, to the hon. colleagues, let us complete this exercise today.

SHRI S. V1DUTHALAI V1RUMBI: I associate with him. .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Then, we will continue.

SHRI R.S.GAVAI (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, it is a matter of great concern to all of us that about 14 States are facing severe drought situation. I am compelled to say that the Government of India is not taking it seriously. Remedial measures are not being taken up. I don't want to distinguish between States. Almost 14 States are faced with drought situation. The hon. Members from their respective States have given a detailed account of the situation prevailing in their State. I would also like to concentrate on Maharashtra. Maharashtra State has been facing very severe drought situation. In many districts of the State, severe drought situatiion has been existing for the last three years. During the last two years, Central teams visited the State of Maharashtra to observe the drought situation. The Committees were acclimatised with the drought-affected areas to the extent possible. Also, detailed information was supplied to the Committees. Discussions were held among the Secretaries and Commissioners at various levels. Unfortunately, the Ministry of Agriculture has informed that according to the findings of the Central Team, there is no serious drought condition in the State of Maharashtra except moderate degree of drought condition in isolated pockets. This is totally

untrue. The further observation of the Committee is that the State Government is seeking to finance mainly the Employment Gurarantee Schemes through CRAF/NCCF, which is not permissible. This is also not true and baseless. As a matter of fact, Maharashtra State was a pioneer State to start an Employment Guarantee Scheme. I was fortunate enough to associate myself with the Scheme along with the then Chief Minister, Shri V.P. Naik, the then Chairman of the State Council, Shri Page. I was the Deputy Chairman of the Maharashtra Legislative Council. Under this Scheme, a job is guaranteed to an agriculture labour, where agricultural situation is not good. This scheme has been in existence since 1972. By adopting an enactment, the Employment Guarantee Scheme was passed by the Legislature unanimously. Today, it is an ideal scheme for the whole nation. The Government of India through the Employment Assurance Programme is providing employment for some days, not permanently; it is not a guarantee. But the Government of Maharashtra is spending huge amount for the last 35 years, and thereby providing gainful jobs to the agricultural labourers and creating productive works throughout the State. The observation of the Committee that the State Government is seeking to finance its Employment Guarantee Scheme is totally baseless. I would like to point out this fact.

Sir, during the last three years because of erratic rains and a long dry season, both the Kharif and Rabi crops were badly affected in Maharashtra. Maharashtra is facing severe shortage. of drinking water in most of the districts. During the year 2000-01, drought was declared in 23,954 villages in 26 districts; in the year 2001-02, in 7,497 villages in 16 districts; and, this year the scarcity'situation exists in 33 districts. Keeping in view the situation which I exhibit, I request, on behalf of the Maharashtra Government, for providing a special assistance of Rs. 1,000 crore from the NCCF to enable it to tackle the severe drought condition such as supply of drinking water and generation of employment. The Central Government has so far sanctioned only Rs. 20 crore as against a demand of Rs. 1730.61 crore by the State Government. This also indicates that, an injustice is being done towards the Maharashtra State. As per the figures revealed by the various States about their demand and amount approved by the Central Government to the concerned respective States, I humbly want to bring this anomaly to the notice of the Central Government, and further request the Central Government to apply the same logic and rationale to the Maharashtra State, as it has applied to the other States, which are facing the drought condition.

SHRI LALITBHAI MEHTA: Sir, before the hon. Minister replies, I want to make one point.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Let the Minister reply first. After that, you can speak. Yes; Mr. Minister.

श्री अजित सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज इस सत्र के शुरूआत में हम यहां सूखे पर बहस कर रहे हैं । हमने पहले भी सूखे पर कई बार बहस की है और यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि पिछले साल का सूखा, हमारे देश के इतिहास में काफी चिंताज़नक व्यवधान भंयकर सूखा पड़ा था और अब इस रबी में भी सूखे का क्या असर है यह सभी सदस्यगण जानना चाहते हैं और पिछले साल के सूखे का क्या असर रहा और सरकार ने क्या मदद की वे यह भी जानना चाहते हैं । कुछ लोगों ने चिंता प्रकट की है कि राज्यों के साथ हम भेदभावपूर्ण व्यवहार करते हैं । राघवन साहब ने चिंता प्रकट की है कि यदि राज्य सरकार कुछ कर नहीं रही है तो हम क्यों नहीं कुछ करते । लालू प्रसाद जी से तो मैं यही कहना चाहूंगा कि और चीज़ों की चिंता तो उन्होंने की ही, लेकिन सूखे में कंबल की मांग भी उन्होंने की है और यह भी आशंका जाहिर की है कि वे कुछ कहेंगे तो मैं नाराज़ हो जाऊंगा । लेकिन वह यह नहीं जानते कि उनसे तो मेरे बड़े पुराने संबंध है और यह कुछ भी कहे, मैं नाराज़ होने वाला नहीं हूं ।

श्री लालू प्रसाद : तब तो ठीक हैं ।

श्री अजित सिंह : बल्कि अब तो स्थिति यहां पर पहुंच गई हैं कि लालू जी के कहने से कोई भी नाराज़ नहीं होता । इनके सहयोगी दल और नए-नए सहयोगी दल, बल्कि अब तो कांग्रेसी भी ...(व्यवधान)...

श्री लालू प्रसाद : हम इनको धन्यवाद देते हैं और अब हम जा रहे हैं ।

श्री अजित सिंह : अब तो क्रांग्रेसी लोग भी हंसते है और नाराज़ नहीं होते हैं । इसलिए वह चिंता की बात नहीं थी । मुझे आपको आंकड़ों को बताने की जरूरत हैं । यह सही बात हैं कि सूखा पड़ा हैं । जो रबी अब आ रही है इसमें जो हमारे पास खबरें हैं उसके अनुसार चार राज्यों में रबी की फसल पर सूखे का असर पड़ा हैं । उसमें मध्य प्रदेश में बुवाई 18 प्रतिशत कम हुई है, राजस्थान में 53 प्रतिशत हम हुई है, तमिलनाडु में 24 प्रतिशत कम हुई है और गुजरात में 26 प्रतिशत कम हुई है ।वहां हमने टीम्स भेजी हैं और उनकी रिपोर्ट आ रही है । अभी तक तो सहायता दी गई हैं वह 31 जनवरी तक थी । अब सूखे पर जो नई टीम्स की रिपोर्ट्स आयेंगी उनके आधार पर तय किया जाएगा कि कितनी मदद दें । यह भी माननीय सदस्यों को मालूम हैं, लेकिन फिर से बताना चाहूंगा कि क्या परिस्थिति है, रबी की क्रॉप के बारे में क्या एस्टीमेंट्स हैं और खरीफ के बारे में हमारे फाइनली क्या एस्टीमेंट्स हैं और कितना नुकसान हुआ है । यह पहली बार हमारे देश में हो रहा है और 12-15 साल के बीच में एक बार पहले भी हुआ है कि रबी की फसल, जहां तक खाद्यान्नों का सवाल है, वह खरीफ से ज्यादा होगी । वरना हमेशा खरीफ का योगदान हमारे खाद्यान्न उत्पादन में ज्यादा रहा है । इस से पता चल जाता है कि इस बार खरीफ फसल में काफी नुकसान हुआ हैं ।

जहां तक फूड ग्रेंस का सवाल हैं, अनुमान हैं कि रबी और खरीफ दोनों मिलाकर करीब 13 प्रतिशत कमी इस बार उत्पादन में होगी । जो हमारे सपोर्ट सीरियल्स हैं ,उस में

26 प्रतिशत की कमी होने की आशंका है । यह रबी और खरीफ दोनों मिलाकर हैं । पल्सेस में 13 प्रतिशत कमी है और ओइल सीड्स में 25 प्रतिशत के करीब कमी है । इस तरह कमी सभी चीजों में है । कॉटन में 11 प्रतिशत कमी होगी, जूट में एक प्रतिशत कमी होगी, शुगरकेन करीब 5 प्रतिशत कम होगा । तो सूखा खरीफ हो या रबी हो, दोनों के लिए काफी भंयकर रहा है और इस बार हमारे ग्रामीण इलाकों में चाहे किसान हो या मजदूर हो, उन के लिए समस्या काफी गंभीर रही है ।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आरोप लगाए गए हैं कि हम भेदभाव करते हैं । आंध्र प्रदेश के प्रति सभी सदस्यों की यह भावना रहती है क्योंकि हमारी सहयोगी पार्टियों में वह सब से बड़ी पार्टी है। इसलिए सब से ज्यादा हम आंध्र प्रदेश को देते हैं । मैं बताना चाहूंगा कि आंध्र प्रदेश को टोटल असिस्टेंस कैलामिटी कंटिंजेंसी फंड से 14 करोड़ से कम दिया गया है । छत्तीसगढ़ जोकि बहुत छोटा स्टेट है उसे 81 करोड़ से ज्यादा दिया गया है, मध्य प्रदेश को 132 करोड़ के करीब दिया गया है और कर्नाटक को करीब-करीब 190 करोड़ दिया गया है, तमिलनाडु को 133 करोड़ दिया गया है । तो वह कहना गलत होगा कि जहां पर सरकार का जो राजनीतिक स्वरूप है, उस तरह से मदद दी जा रही है ।

श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन(केरल)**:** केरल को क्या दिया गया है ?

श्री अजित सिंह : सर, केरल की समस्याओं में फर्क हैं । इस तरह मैं सभी प्रदेशों का कह सकता हूं ।

श्री अजित सिंह : पांडिचेरी को सूखे के बारे में कोई मदद नहीं दी गयी है ।

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry): What about Pondicherry?

श्री मती सविता शारदा(गुजरात) **:** गुजरात ने सूखे की समस्या का मेमोरेंडम अब भेजा हैं । वहां टीम गयी है । वहां पिछले सूखे के बारे में कोई रिपोर्ट नहीं थी ।

श्री प्रणव मुखर्जी : राजस्थान का फिगर बताइए ।

श्री अजित सिंह : राजस्थान को 167 करोड़ दिया गया है । इस में से ज्यादातर पैसा जो 2 हैक्टेयर तक की रिलीफ सब को देने की बाद में प्रधान मंत्री जी ने घोषण की थी, उस मद में से आया है ।

श्री सुरेश पचौरी: उन राज्यों की मांग कितनी थी ?

श्री अजित सिंह : मैं आप को मांग भी बता दूंगा ।

डा. अबरार अहमद (राजस्थान) **:** सर, इस में एक बात और महत्वपूर्ण है । आप ने जिस योजना के तहत यह पैसा दिया है, उस में 625 करोड़ की **आवश्यकता** है और आप ने सिर्फ यह राशि दी है, आप इसे प्रपोर्शनेटली बांट नहीं सकते तो वह पैसा भी बेकार पड़ा हुआ है ।

श्री अजित सिंह :सर, 17 राज्यों की करीब-करीब 35 हजार करोड़ की मांग थी । इस में एन.सी.सी.एफ. से करीब 2 हजार करोड़ रिलीज़ किया गया था । बाद में यह 2 हैक्टयर

के लिए करीब 365 करोड़ और रिलीज़ किया गया है । अब जो मांग की जाती हैं, कुछ सदस्यों ने ...(व्यवधान)...

डा.अबरार अहमद : सर, मैं एक बात कहना चाह रहा हूं कि जो राशि आप ने दी है और जिस योजना में दी है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Let him complete, and then put questions..... *(interruptions)* ....

डा. अबरार अहमद : उस को प्रपोर्शनेटली नहीं कर सकते । जो भी 2 हजार हैक्टेयर से कम वाले हैं, उन को दें तो सभी को दें । उस हिसाब से 625 करोड़ की आवश्यकता है । अब उस 170 करोड़ को कैसे बांटे, क्या इस बारे में कोई तरीका सुझाया है । आप एक -चौथाई को दे दें और तीन-चौथाई को छोड़ दें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Let him complete.

डा.अबरार अहमद: महोदय, यह तकनीकी बात है, जैसा माननीय मंत्री जी कहते है । अब वहां तीन साल से लगातार अकाल है, जिससे कैलेमिटी रिलीफ फंड का पैसा बचा हुआ नहीं है और आप उसे मानकर लगातार यह बात कहे जा रहे हैं । इससे राजस्थान की समस्या और एक्यूट हो रही है । जो दूसरे पैसे की बात कही है, वह आप मेरी बात को समझे नहीं । माननीय मंत्री जी, में यह कहना चाह रहा हूं कि जो आपने दो हैक्टेयर से कम वाले के लिए पैसा दिया है 167 करोड़ रूपया, उसका तो मैं स्वागत करता हूं, लेकिन अभी वहां के मुख्य मंत्री जी ने सभी सांसदों की मीटिंग बुलाई थी और बताया था कि दो हैक्टेयर वालों को देने के लिए 625 करोड़ रूपया चाहिए । तो वह यह 167 करोड़ रूपया किस-किस को दें ? क्या एक चौथाई को दें, तीन चौथाई को छोड़ दें । तकनीकी बात हैं और वह पैसा भी पड़ा हुआ है ।

श्री अजित सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, इसमें एक तो सवाल यह है कि क्या हम यह कर सकते हैं कि अगर हमको प्रदेश सरकार ने खबर नहीं भेजी कि उन्होंने पैसा खर्च कर लिया है और उसके बावजूद हम रिलीज कर दें ? कल फिर माननीय सदस्य इस सरकार के ऊपर आरोप लगाएगें । फिर सीएजी भी उसको चैक करती है । इसलिए जब कि यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं आ जाएगा तब तक हम और पैसा देने में असमर्थ हैं । यह हमारे हाथ में नहीं है । फिर सीएजी भी चैक करती है । यह नार्म्स बनाए हुए हैं । ...(व्यवधान)

श्री अजित सिंह : अब आप देखिए । आपने सवाल उठाया । स्माल और मार्जिनल फार्मर्स के लिए राजस्थान को 107 करोड़ रूपया इनपुट सबसिडी दी गई और 165 करोड़ रूपया दो हैक्टेयर तक के बड़े फार्मर्स के लिए दी गई ।...(व्यवधान)...

डा. अबरार अहमद: वह बेकार पड़ा हुआ है ।

श्री अजित सिंह : 107 करोड़ रूपया दो हैक्टेयर से नीचे का । ...(व्यवधान) ...

श्री अजित सिंह : महोदय, 272 करोड़ रूपया फार्मर्स को बांटने के लिए जो इनपुट सबसिडी राजस्थान को दी गई, जो राजस्थान के आंकड़े हैं उसी के आधार पर इनको दी गई । इसमें से रिलीज जितनी हुई है वह जैसा मैंने आपको बताया 167 करोड़ रूपए की क्योंकि बाकी पैसा आपके कैलेमिटी रिलीफ फंड में है वरना 272 करोड़ रूपया राजस्थान में फार्मर्स को बांटने के लिए दिया गया है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Dr. Abrar Ahmed, don't disturb the Minister. Let him complete. After that, I will give you a chance.

डा.अबरार अहमद: महोदय, यह तकनीकी बात है, जैसा माननीय मंत्री जी कहते है । अब वहां तीन साल से लगातार अकाल है, जिससे कैलेमिटी रिलीफ फंड का पैसा बचा हुआ नहीं है और आप उसे मानकर लगातार यह बात कहे जा रहे हैं । इससे राजस्थान की समस्या और एक्यूट हो रही है । जो दूसरे पैसे की बात कही है, वह आप मेरी बात को समझे नहीं । माननीय मंत्री जी, में यह कहना चाह रहा हूं कि जो आपने दो हैक्टेयर से कम वाले के लिए पैसा दिया है 167 करोड़ रूपया, उसका तो मैं स्वागत करता हूं, लेकिन अभी वहां के मुख्य मंत्री जी ने सभी सांसदों की मीटिंग बुलाई थी और बताया था कि दो हैक्टेयर वालों को देने के लिए 625 करोड़ रूपया चाहिए । तो वह यह 167 करोड़ रूपया किस-किस को दें ? क्या एक चौथाई को दें, तीन चौथाई को छोड़ दें । तकनीकी बात हैं और वह पैसा भी पड़ा हुआ है ।

श्री अजित सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, इसमें एक तो सवाल यह है कि क्या हम यह कर सकते हैं कि अगर हमको प्रदेश सरकार ने खबर नहीं भेजी कि उन्होंने पैसा खर्च कर लिया है और उसके बावजूद हम रिलीज कर दें ? कल फिर माननीय सदस्य इस सरकार के ऊपर आरोप लगाएगें । फिर सीएजी भी उसको चैक करती है । इसलिए जब कि यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं आ जाएगा तब तक हम और पैसा देने में असमर्थ हैं । यह हमारे हाथ में नहीं है । फिर सीएजी भी चैक करती है । यह नार्म्स बनाए हुए हैं । ...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Dr. Abrar Ahmed, don't interrupt the Minister.

श्री अजित सिंह : अब आप देखिए । आपने सवाल उठाया । स्माल और मार्जिनल फार्मर्स के लिए राजस्थान को 107 करोड़ रूपया इनपुट सबसिडी दी गई और 165 करोड़ रूपया दो हैक्टेयर तक के बड़े फार्मर्स के लिए दी गई ।...(व्यवधान)...

डा. अबरार अहमद: वह बेकार पड़ा हुआ है ।

श्री अजित सिंह : 107 करोड़ रूपया दो हैक्टेयर से नीचे का । ...(व्यवधान) ...

THE MINISTER ONF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL): Sir, if the hon. Member continues like this, it will lead to a further debate.

श्री अजित सिंह : महोदय, 272 करोड़ रूपया फार्मर्स को बांटने के लिए जो इनपुट सबसिडी राजस्थान को दी गई, जो राजस्थान के आंकड़े हैं उसी के आधार पर इनको दी गई । इसमें से रिलीज जितनी हुई है वह जैसा मैंने आपको बताया 167 करोड़ रूपए की क्योंकि बाकी पैसा आपके कैलेमिटी रिलीफ फंड में है वरना 272 करोड़ रूपया राजस्थान में फार्मर्स को बांटने के लिए दिया गया है ।

महोदय, अब ओवरऑल असिस्टेंस की बात है कि कितनी दी गई । इस साल कैलेमिटी रिलीफ फंड से करीब 1400 करोड़ दिया गया है, कंटिनजेन्सी फंड से करीब करीब 1100 सौ करोड़ दिया गया है, जो फूडग्रेन ऑलरेडी हम दे चुके हैं उससे 3000 करोड़ करीब उसका खर्चा है । वाटर सप्लाई के लिए 3500 करोड़ रूपया दिया गया है, जानवरों के लिए और खासतोर से जो राजस्थान में है, पशुओं के लिए 50 करोड़ रूपया दिया गया है और रेलवे जो फ्री फोडर का ट्रांसपोर्ट कर रही है और गुजरात के लिए भी हमने एलाऊ कर दिया है उसके लिए भी 25 करोड़ दिया जा चुका है । टोटल 5575 करोड़ रूपया एस्टीमेटेड दिया जा चुका हैं ।

महोदय, जो एक मांग माननीय सदस्य ने उठाई थी, राजस्थान ने भी उठाई थी कि हम प्लान कर लें आगे के लिए कि किस तरह फूडग्रेन रिलीज करें, वह किया जा चुका है और राजस्थान को हम 20 लाख टन जुलाई के आखिर तक और खाद्यान्न रिलीज करने वाले है । हर महीने कितना रिलीज होगा, वह बात हो रही है । मैं फिर कहना चाहूंगा कि राजस्थान के सदस्यों की, बल्कि इस सदन के सभी सदस्यों की जो चिंता है राजस्थान में पाचं किलोग्राम प्रतिदिन फूड फार वर्क के लिए दिया जाता है और वह बी.पी.एल. से 20 प्रतिशत फैमिलीज़ को दिया जाता है । राजस्थान में हमने फिर से स्टडी कराई है क्योंकि जैसा मैंने कहा कि सूखा भयंकर हैं, वहां 94 ब्लॉक्स में हरेक फैमिली को फूड फार वर्क के लिए फूड दिया जा रहा है और 8 किलोग्राम दिया जा रहा है । बाकी ब्लॉक्स में भी 50 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को फूड फार वर्क के लिए खाद्यान्न हम दे रहे हैं और वहां भी 6 किलोग्राम प्रतिदिन दे रहे हैं । तो राजस्थान की समस्या को समझते हुए केन्द्रीय सरकार जितनी मदद कर सकती है, और राज्यों के मुकाबले वह राजस्थान की ज्यादा ही मदद कर रही है , कम मदद करने का तो सवाल ही नहीं है और जो राजस्थान ने किया है वह आपको अच्छी तरह से मालूम है । वहां समस्याएं है, रेलवे का भी मूवमेंट है, वहां के केटल फीड के लिए हमने 30 हजार मीट्रिक टन गेहूं भी रिलीज़ किया है । इसलिए मदद करने की पूरी कोशिश हम कर रहे हैं ।

कुछ और सदस्यों ने जो सवाल उठाए है, उनका भी मैं अलग से जवाब देना चाहूंगा । लॉग टर्म का मैंने कह दिया, डिस्क्रिमिनेशन के बारे में मैंने बताया है । गौड़ा साहब ने मांग उठाई थी कि जो लोन्स की रिकवरी है, उसको पोस्टपोन कर दिया गया । मैं बताना चाहता हूं कि पांच साल के लिए लोन्स रिशेड्यूल्ड किए जा चुके हैं, आर.बी.आई. इंस्ट्रक्शसं भेज चुकी है । ...(व्यवधान)

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: We are only taking care of the interest part.

श्री अजित सिंह : गौड़ा साहब ने अभी यह मांग की थी कि लोन्स की रिकवरी रोक दी जाए एक-दो साल के लिए । तो लोन्स चार और पांच साल के लिए रिशेड्यूल्ड कर दिए गए है

और उस रिशेड्यूल में एक साल का ब्याज भी माफ कर दिया गया है । मैं यह मानता हूं कि समस्या बड़ी गंभीर है, बहुत मदद की जरूरत है । पहली बार 11 वें फाइनेंस कमीशन ने रेगुलरली आपदाओं के लिए प्रदेशों को पैसा देने का काम किया है । 1997 से यह शुरू हुआ है, पहले उसे पैसा केन्द्रीय सरकार नहीं देती थी । 1987में जितना खर्चा किया गया केन्द्रीय सरकार द्वारा, उससे कहीं ज्यादा खर्चा इस साल सरकार कर चुकी है । इसके अलावा जैसा मैंने पहले कहा कि 11 वें फाइनेंस कमीशन ने यह मानते हुए कि देश के किसी न किसी कोने मे कहीं बाढ़, कहीं सूखा, कहीं तूफान, इस तरह की आपदाएं आती रहती हैं, इसलिए नेशनल केलामिटी रिलीफ फंड से हर साल राज्यों को पैसा दिया जाता है और वह पैसा ऐक्युमलेंट होता रहता है । अगर उस राज्य में कोई आपदा नहीं आती तो फिर तीन या पांच साल, तीन साल तक वह पैसा ऐक्यूमलेट होता रहता है । इसीलिए आप देख रहे हैं, कि कुछ राज्यों के पास उसका बैलेंस है । यह आप भी जानते हैं और मैं भी जानता हूं, उपसभाध्यक्ष जी, कि बहुत से प्रदेशों में वह सही खर्च नहीं हुआ । वह पैसा कहां गया, किताबों में तो है पर वह कहां खर्च हुआ, इसके बारे में मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं और न आप लोग चाहेंगे कि मैं राज्यों में बारे में, किसी राज्य के बारे में कहूं कि उन्होंने पैसा डाइवर्ट किया या नहीं किया । ।...(व्यवधान)... यह हमारा प्रजातंत्र है, फेडरल सिस्टम है, वह डेमोक्रेटिकली इलेक्टिड सरकारें हैं और अगर कुछ राज्यों में ऐसा हुआ है कि सूखे के उस पैसे को उन्होंने ठीक से खर्च नहीं किया है तो वहां की जनता को जल्दी ही मौका मिलने वाला है, वह उनको बतला देगी कि उस सरकार ने ठीक काम किया है या नहीं किया है, लेकिन यह केन्द्रीय सरकार का काम नहीं है कि हम मॉनिटरिंग करें । यह ठीक है कि हम कुछ कदम उठा रहे हैं बहुत सी स्कीम्स में, एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री में हम कुछ कदम उठा रहे हैं कि जो पैसा दिया जाए, उसकी मॉनिटरिंग की जाए । बल्कि हम तो यह कदम उठा रहे हैं कि मॉनिटरिंग केन्द्रीय सरकार या सरकारी एजेंसी से न कराएं, बहुत इंडिपेंडेंट संस्थाएं है, उनसे कराएं है । जैसे हमने उत्तर प्रदेश में अभी चलाया है, वहां पर इंडियन इंस्टिटयूट संस्थाएं है, उनसे कराएं । जैसे हमने उत्तर प्रदेश में अभी चलाया है, वहां पर इंडियन इंस्टिटयूट आफ मैनेजमेंट है, हम उनको ही काम देना चाहते हैं कि वह मॉनिटरिंग करे और बताए कि जो हमने पैसा दिया है, सरकार वह योजना किस तरह चला रही है । लेकिन केन्द्रीय सरकार यह तय करे कि कोई प्रदेश सरकार खर्चा सही कर रही है, नहीं कर रही है या पैसा कहां जा रहा है, यह हम नहीं चाहते । इंडिविजुअल स्कीम्स हम मॉनिटर कर सकते हैं, लेकिन यह प्रदेश सरकार का विशेषाधिकार है और खास तौर पर खेती तो प्रदेश सरकार के अंदर ही आता है । हम तो सिर्फ योजना ही बना सकते हैं और पैसा देने का काम ही कर सकते हैं लेकिन यह सही बात है कि इस साल जो कमी हुई और जैसे मैंने अभी आंकड़े दिए, हरेक फसल में कमी हुई और आयल सीड्स में, करीब 25 प्रतिशत कमी है खाद्यान्नों में । यह तो हमारे लिए किसानों को बधाई देने की बात है कि इस सिवियर ड्राउट के बावजूद उन्होंने इतना खाद्यान्न पैदा किया है कि हम अपने लोगों को खिला सकते हैं, उसे बाहर से मंगाने की जरूरत नहीं है । कोई बाहर से मंगाने की जरूरत नहीं है । लॉग-टर्म मैजर्स के बारे में लोगों ने कहा है । यह ठीक है कि अभी हमारे देश में खाली 37 प्रतिशत जमीन सिंचित है और यह भी बढ़ी है, पहले इतनी जमीन सिंचित नहीं थी और जो रेन-फैड ऐरियाज़ हैं, वहां भी बहुत सी स्कीम्स सरकार चला रही है । पानी की कमी हमारे देश में होने वाली है । एक योजना नदियों को जोड़ने की है, कुछ लोग नाराज़ थे कि इसमे दस साल लगेंगे या चालीस साल लगेंगे । अभी यह नहीं कहा जा सकता कि कितना पैसा उसमें लगेगा क्योंकि अभी तो स्टडी हो रही है कि वह फीज़ेबल हैं या नहीं और उसमें कितना पैसा लगेगा, कितना नहीं लगेगा, कौन सी नदियों जोड़ी जाएंगी, यह बाद की बात है । जब

पंजाब,हरियाण को पानी देने को तैयार नही है, जब कर्नाटक, तमिलनाडु को पानी देने के लिए तैयार नहीं है ...(व्यवधान)... मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वे किसी दुर्भावना से पानी नहीं दे रहे हैं। हो सकता है कि कर्नाटक में समस्या हो लेकिन फैक्ट यह है कि वे पानी नहीं दे रहे हैं। हो सकता है कि उनके पास पानी न हो। तो यह बहुत बड़ी समस्या है कि हम किस तरह से नदियों को जोड़कर पानी दे सकते हैं या नहीं दे सकते हैं। इस बारे में हमने एक कमेंटी बनाई है लेकिन सच्चाई यह है कि पानी की समस्या हमारे देश में आने वाली है। खाली नदियों को जोड़ने की नहीं, वॉटर कंजरवेशन की और भी बहुत सी योजनाएं हैं, हमारे जो पंरपरागत तरीके हैं, उनको आगे बढाने की योजनाएं हैं। इस सूखे पर आप लोगों ने जो चिंता ज़हिर की है, वह स्वभाविक है क्यों कि हमारी 66 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर करती है और इस साल काफी भंयकर सूखा पड़ा है लेकिन अभी तक रबी में सिर्फ चार राज्यों में सूखे के असर की रिपोर्ट है। वहां टीमें भेजी गई हैं और जो भी मदद हम कर सकते हैं, वह हम करेंगे।

SHRI A. V1JAYA RAGHAVAN: Sir, what about the assurance given relating to Kerala? The drought is adversely affecting the cash crops. The State Government has requested to waive off the loans. What is your response?

श्री अजित सिंह : केरल में 100 करोड़ रुपए का बैलेंस कैलेमिटी रिलीफ फंड में है।

SHRI A. V1JAYA RAGHAVAN: Sir, the problem is, the cash crop farmers who have been adversely affected, are not getting any benefit. You have to relook into the matter concerning the loans meant for cash crops farmers.

श्री अजित सिंह : राघवन साहब, समस्याएं बहुत हैं, आपके राज्य में भी हैं और दूसरे राज्यों में भी हैं। अलग-अलग राज्यों में किसानों की अलग-अलग समस्याएं हैं। आपके यहां कोकोनट प्लांटेशस बहुत पुराने हो गए हैं, शायद उनको रिन्यू करने की जरुरत है। ,वह स्कीम भी आपने हमें भेजी है और हम उसके बारे में प्लानिंग कमीशन से बात कर रहे हैं। तो हरेक राज्य में, हरेक क्षेत्र में किसानों की अलग-अलग समस्याएं है। गन्ना किसानों की अलग-अलग समस्याएं हैं। महाराष्ट्र में, उत्तर प्रदेश में इस बार गन्ना किसानों के सामने भयंकर समस्या है ...(व्यवधान)...

SHRI A. VIJAYA RAGHAVAN: You, please, relook into the issue.

श्री अजित सिंह : लेकिन अगर आज आप किसानों की समस्याओं पर बहस करना चाहते हैं तो करिए, अगर पूरे सैशन में भी आप बहस करें तो शायद आप पूरी जानकारी नहीं दे पाएंगे।

महोदय, आज सूखे के मामले पर सरकार क्या कर सकती है। क्या किया है और आपकी जो चिंता है, इस पर यहां बहस हुई। आपसे भी कुछ जानकारी हमें मिली और मेरे पास जो आंकड़े थे, वे आंकड़े मैंने दिए हैं। हम इस बारे में जो कुछ भी कर सकते हैं, वह जरुर करेंगे।

श्री सुरेश पचौरी : उपसभाध्यक्ष महोदय, कृषि विभाग के उप-सचिव श्री नेगी का 9 जनवरी, 2003 का पत्र मेरे सामने है जो उन्होंने विभिन्न सूखा प्रभावित राज्यों को भेजा था जिसमें उन्होंने यह कहा है कि-

> "The Task Force on Drought has now decided that allocations will be made to your State so as to cover 75 per cent of BPL rural households, based on the requirements of 5 kgs. per day, per household, for ten days every month, till June, 2003."

मान्यवर, मैं यह कहना चाहूंगा कि पहले जो ऐलोकेशन था, वह 10 किलोग्राम था जिसे घटाकर अब 5 किलोग्राम कर दिए गया है। दूसरी बात यह है कि वह जो मजदूरी का समय दिया गया है, वह दस दिन दिया गया है। एक माह में 10 दिन कार्य करना कृषि मंत्रालय ने आवश्यक समझा है। जब मैंने अपनी बात आंरभ की थी, तब भी मैंने यह कहा था कि सामान्यतः जो कृषि के संबंधित परिवार हैं, उनके यहां पांच या छह या आठ सदस्य होते हैं, इतने सदस्यों वाले परिवार में जो सूखा पीड़ित परिवार हैं, उसकी समस्या को देखते हुए यदि आप इसे बढाकर पंद्रह दिन कर दें तो मैं सोचता हूं कि इससे उनको राहत मिलेगी। आखिरी बात यह है कि आपने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ और राजस्थान जैसे राज्यों का जिक्र किया है। पहली बात तो यह है कि उन्होंने यूटिलाइजेशन का सर्टिफिकेट दे दिया है। यानी जो पैसा या फूडग्रेन्स गए हैं, उसके 80 प्रतिशत यूटिलाइजेशन का सर्टिफिकेट उन्होंने आपको भेज दिया है। अभी 17 तारीख को ही छत्तीस गढ के मुख्य मंत्री ने आपको पत्र लिखा है और प्रधान मंत्री जी को उसकी कॉपी दी है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह 80 प्रतिशत व्यय कर चुके हैं। छत्तीस गढ ने मांग 880 करोड़ की थी और 81 करोड़ दिया। मध्य प्रदेश ने 315 करोड़ की मांग की आपने 132 करोड़ दिया। यह भेदभाव दर्शाता है। इसलिए मैं चाहूंगा कि देर आयद दुरुस्त आयद, आप मेहरबानी करके सूखे को बेरॉमीटर मानते हुए राहत राशि दें तो कृपा रहेगी।

श्री अजित सिंह : कितना मांगा और कितना दिया, अगर यह देखेंगे तो आंध्र प्रदेश ने 1200 करोड़ मांगा था तो और उनको 13 करोड दिया है। तो जितना मांगा था वह बात नहीं है। जहां तक राजस्थान का आपने सवाल उठाया, राजस्थान में सूखा ज्यादा भंयकर है इसलिए पिछली मीटिंग में टॉस्क फोर्स ने तय किया था कि उनके लिए अलग स्टडी करनी है पिछले हफ्ते टॉस्क फोर्स की जो मीटिंग 13 तारीख को हुई थी उसमें राजस्थान के लिए हमने 97 ब्लौक्स में 100 परसेंट फेमिलीज को कवर किया है ए0पी0एल0 बोथ में।.....(व्यवधान) 8 किलोग्राम और 6 किलोग्राम राजस्थान के लिए है, कहीं 10 किलोग्राम नहीं था। 5 किलोग्राम ही देश में रहा है हमेशा। राजस्थान को तो हमने बढा कर 8 और 6 किलोग्राम कर दिया है। उपसभाध्यक्ष जी, एक और बात है। यह जो हम फूडग्रेन दे रहे हैं यह एस0जी0आर0वाई0 में जो एलोकेशन है उसके अलावा है। यह नहीं है कि इतना ही फूड्ग्रेन हम सब स्टेट्स को दे रहे हैं। एस0जी0आर0वाई0 में और भी बहुत से फूडग्रेन स्टेट्स के पास हैं।

श्री सुरेश पचौरी : दस दिन कार्य करने का जो मापदंड है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Mr. Manoj Bhattacharya, please try to be very brief.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to draw the attention of the hon. Minister to the fact, I have referred to it in my earlier speech also, that on 9th of August, he has stated that Andhra Pradesh had scanty rains in 4 districts and deficient rains in 15 districts; Madhya Pradesh had scanty rains in 30 districts and deficient rains in 12 districts; Rajasthan had scanty rains in 27 districts and deficient rains in 5 districts; and Uttar Pradesh had scanty rains in 45 districts and deficient rains in 17 districts. The Central allocation from the Calamity Relief Fund, as replied by you only, was Rs. 81.89 crores for Andhra Pradesh, Rs. 25.89 crores for Madhya Pradesh and Rs. 85.58 crores for Rajasthan. So, my question is, whether this allocation has been done in conformity with the damage that has occurred, because of drought. What is the criterion you have followed? I must know that. I am not going to talk about discrimination. But, here, from the replies of yours, I am literally confused that there is a discrimination. There is no parity between the extent of damage, as reported by you, and the amount of money allocated by you. This is number one. My second question, Sir, is *....(Interruptions).*

SHRI V.V. RAGHAVAN (Kerala): Sir, he did not mention with regard to Kerala ..... *(Interruptbns).* We have given a *....(Interruptions)*

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Sir, the Minister has said *....(Interruptions).*

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, my second question is....*(Interruptions).* Whether this National Fund for *...(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): No second question please.

SHRI AJIT SINGH: I would like to invite hon. Members - who have some questions about how much money spent, how much money released, how much was asked, what are the parameters, how it is decided, etc. -- to my chamber and will be very happy to discuss with them individually.

श्री ललितभाई मेहता : माननीय मंत्री जी, प्रधान मंत्री जी ने पिछले संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान यह घोषणा की थी कि 25 करोड अकालग्रस्त विस्तार के राज्यों के पशुओं के लिए वह अलग से देंगे। इसके लिए एक कमेटी बननी थी। कमेटी में आपके मंत्रालय का एक अधिकारी और एक फाइनेंस मिनिस्ट्री का ...(व्यवधान)...

श्री अजित सिंह : वह बन गई है और देना शुरु कर दिया।

श्री ललितभाई मेहता : लेकिन बात यह है कि जो कमेटी बनी है वह कमेटी सभी राज्यों से मंगा रही है। प्रधान मंत्री जी ने यह कहा था कि एक हजार के ज्यादा पशु जिस गौशाला में हैं उसको सीधी ही सहायता केन्द्र सरकार देगी। वह जो नॉर्म बनाया गया है वह सभी राज्य सरकारों को भेज रहे हैं। राज्य सरकार के सचिव कलेक्टर को भेज रहे हैं, कलेक्टर मामलतदार को भेज रहे हैं, मामलतदार तलाकी को भेज रहे हैं। इसमें बहुत समय लग रहा है। पशुओं के लिए धन की आवश्यता जल्दी से है। मेरा आपसे निवेदन है कि यह शीघ्र से हो सके, इसके बारे में आप क्या सोच रहे हैं?

श्री अजित सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर मेहता सर्टीफाई कर दें कि इस गौशाला में इतने पशु हैं तो हमारी कमेटी जरुर मान जायेगी । लेकिन कहीं तो चैक करना पडेगा कि उस गौशाला में कितने पशु हैं। अब प्रदेश सरकार उसको कैसे सर्टीफाई करती है, यह उनके हाथ में है। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): The House is adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at thirty-six minutes past five of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 20th February,